फाल्गुन शुक्ल पक्ष- 2, 2082 | dopaharmetro | epaper.dopaharmetro.com | dopaharmetro | वर्ष-09, अंक - 226 | पेज 8, मूल्य 2 रुपए

डाक पंजीयन क्रमांक: म.प्र./4-474/2024-26

भोपाल
19 फरवरी 2026
गुरुवार

बेबाक खबर हर दोपहर

# दोपहर मेट्रो

आज का मौसम
31.4 अधिकतम
14.4 न्यूनतम


Page-7

## न्यूज विंडो

### बांग्लादेश: पुलिसकर्मी की हत्या का आरोपी पकड़ाया

**नई दिल्ली।** इमिग्रेशन विभाग ने एक बांग्लादेशी नागरिक को भारत में हिरासत में लेकर उसे वापस बांग्लादेश डिपोर्ट किया है। पकड़े गए बांग्लादेशी की पहचान मेहदी अहमद रजा हसन के रूप में हुई है। अधिकारियों के मुताबिक, वह भारत के रास्ते फिनलैंड भागने की कोशिश में था। इमिग्रेशन सूत्रों के अनुसार, मेहदी अहमद रजा हसन पर बांग्लादेश में हिंसा के दौरान एक हिंदू पुलिस अधिकारी संतोष चौधरी की हत्या का आरोप है। यह मामला बांग्लादेश में दर्ज है और आरोपी की तलाश जारी थी। अलर्ट के आधार पर भारतीय इमिग्रेशन एजेंसियों ने उसे रोका।

### बैंक खाते में ऑफर, महिला गवां बैठी 1.35 लाख रुपए

**मुरैना।** ऑनलाइन ठग ने शहर के सिद्धनगर की महिला सुधा राठौर को आठ लाख रुपए का आफर देकर उससे छह खातों में एक लाख 35 हजार रुपए की रकम सात घंटे में ट्रांसफर करा ली। सिद्धनगर के विवेक कान्वेंट स्कूल गली में रहने वाली सुधा राठौर के मोबाइल फोन पर तीन फरवरी को कॉल आया जिसमें ऑनलाइन ठग रवि केवट ने झांसा देते हुए कहा कि उसके बैंक एकाउंट में आठ लाख का ऑफर आया है। वह उसे पा सकती है, लेकिन इसके लिए उसे क्यूआर कोड पर एक लाख 35 हजार रुपए जमा करने होंगे।

### बच्चों की लत को लेकर कोर्ट की जुकरबर्ग को फटकार

**वाशिंगटन।** अमेरिका के लॉस एंजिल्स अदालत में इंस्टाग्राम और फेसबुक की पेरेंट कंपनी, मेटा के मालिक मार्क जुकरबर्ग को कड़े सवालों का सामना करना पड़ा। दरअसल, सुनवाई के दौरान जुकरबर्ग से इंस्टाग्राम की लत और उम्र के वेरिफिकेशन को लेकर सवाल किए गए। कोर्ट ने पूछा कि क्या मेटा के प्लेटफॉर्म जानबूझकर बच्चों को नशे की लत लगाते हैं और उन्हें नुकसान पहुंचाते हैं। इस दौरान जुकरबर्ग न केवल असहज दिखे, बल्कि वकीलों की दलीलों पर सिर हिलाते और उत्तेजित होते नजर आए। कोर्ट में सुनवाई के दौरान मेटा के मालिक मार्क जुकरबर्ग ने दावा किया कि मेटा ने कम उम्र के यूजर्स की पहचान करने में सुधार किया है।



### दिल्ली के तीन स्कूलों को बम से उड़ाने की धमकी

**नईदिल्ली।** दिल्ली के तीन विद्यालयों को बम से उड़ाने की धमकी सुबह ई-मेल के जरिए दी गई, जिसके बाद आपातकालीन एजेंसियों ने तुरंत विद्यालयों को खाली कराकर तलाशी अभियान चलाया। दिल्ली अग्निशमन सेवा (डीएफएस) के एक अधिकारी ने यह जानकारी दी। डीएफएस अधिकारी ने बताया, हमें द्वारका स्थित सीआरपीएफ पब्लिक स्कूल और सेंट थॉमस स्कूल तथा पश्चिम एन्क्लेव स्थित डीएवी सेंटेनरी पब्लिक स्कूल को बम की धमकी वाले ईमेल मिलने के बारे में जानकारी मिली। एहतियात के तौर पर दमकल की गाड़ियां और बचाव दल तुरंत संबंधित स्थानों पर भेजे गए।

### सोना 3151 रु. महंगा, चांदी एक दिन में 8,432 चढ़ी

**नईदिल्ली।** सोना-चांदी के दाम में आज 19 फरवरी को लगातार दूसरे दिन तेजी है। इंडिया बुलियन एंड ज्वेलर्स एसोसिएशन के अनुसार, 10 ग्राम 24 कैरेट सोना 3,151 रुपए बढ़कर होकर 1.55 लाख पहुंच गया है। वहीं, एक किलो चांदी 8,432 रुपए बढ़कर 2.45 लाख पर पहुंच गई है। इस साल सोने-चांदी की कीमत में लगातार उतार-चढ़ाव देखने को मिल रहा है।

### आज का कार्टून

BSP अकेले मैदान में?




---

### एआई इम्पैक्ट समिट में एक मंच पर आए ग्लोबल लीडर्स चुनौतियों पर मंथन

# ध्यान रखना होगा कि हम आने वाली पीढ़ी के लिए कैसा एआई छोड़कर जाएंगे - मोदी

## डिजिटल क्रिएशन पर लेबल लगे ताकि असली और एआई आधारित कंटेंट की पहचान हो सके

**नईदिल्ली, एजेंसी**

इंडिया एआई एआई इम्पैक्ट समिट में आज प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि एआई का उपयोग मानव कल्याण के लिए होना चाहिए। इस पर किसी की मोनापॉली यानी एकाधिकार नहीं होना चाहिए। उन्होंने कहा कि एआई में रफ्तार और पैमाना अकल्पनीय है। हमें इस क्षेत्र में बड़े सपने देखने होंगे, लेकिन जिम्मेदारी के साथ। हमें यह ध्यान में रखना होगा कि हम आने वाली पीढ़ी के लिए कैसा एआई छोड़कर जा रहे हैं और वर्तमान में हम इसके जरिए क्या कर रहे हैं। हमने अतीत में परमाणु विनाश भी देखा है और समाधान भी।

पीएम ने स्पष्ट किया कि दुनिया के कई देशों में जहां एआई को लेकर भय का माहौल है, वहीं भारत इसे अपने 'भाग्य' और उज्ज्वल भविष्य के रूप में देख रहा है। भारत इसे अपनी विकास यात्रा का अगला बड़ा टर्निंग पॉइंट मानता है। मोदी ने एआई के लिए एक नया ग्लोबल फ्रेमवर्क दिया। उन्होंने कहा कि एआई नैतिक, जवाबदेह, संप्रभुता,सुलभ और वैध होना चाहिए, ताकि यह केवल डेटा पॉइंट न बनकर मानवता के कल्याण का जरिया बने। डीपफेक और फेक न्यूज के खतरे को देखते हुए



पीएम ने सुझाव दिया कि जैसे खाने के सामान पर 'न्यूट्रिशन लेबल' होता है, वैसे ही डिजिटल कंटेंट पर भी स्पष्ट लेबल होना चाहिए। इससे लोगों को पता चल सकेगा कि क्या असली है और क्या एआई द्वारा बनाया गया है।

पीएम ने भरोसा दिलाया कि एआई नौकरियां खत्म नहीं करेगा बल्कि नए अवसर पैदा करेगा। उन्होंने कहा कि हम ऐसे युग में हैं जहां इंसान और मशीन साथ मिलकर सृजन करेंगे। उन्होंने स्किलिंग और रिस्किलिंग को एक 'मास मूवमेंट' बनाने पर जोर दिया। प्रधानमंत्री ने कहा कि इस समिट में शामिल होने वाले सभी लोग एआई को नई ऊंचाइयों पर ले जा रहे हैं। शुरुआत में कुछ लोगों को ऐसी तकनीक पर संदेह होता है, लेकिन जिस तरह से हमारे युवा इसे अपना रहे हैं और इस पर अधिकार जता रहे हैं, वह एक बड़ा कदम है। संयुक्त राष्ट्र के महासचिव एंटोनियो गुटेरेस ने कहा कि एआई का भविष्य मुट्ठी भर देश तय नहीं कर सकते। इसके लिए विभिन्न क्षेत्रों के 40 प्रमुख एक्सपर्ट्स का एक पैनल बनाया गया है, जिसका स्पष्ट संदेश है कि इस पर सबका अधिकार होना चाहिए।

### राष्ट्रपति मैक्रों ने कहा - भारत ने वो किया जो कोई नहीं कर सका

फ्रांस के राष्ट्रपति एनुअल मैक्रों ने कहा - भारत ने वह कर दिखाया है जो दुनिया का कोई दूसरा देश नहीं कर सका। 1.4 अरब लोगों के लिए एक डिजिटल पहचान तैयार की। एक ऐसा पेमेंट सिस्टम बनाया जो अब हर महीने 20 अरब ट्रांजैक्शन प्रोसेस करता है। एक हेल्थ इंफ्रास्ट्रक्चर खड़ा किया जिसने 500 मिलियन डिजिटल हेल्थ आईडी जारी की हैं। नतीजे आपके सामने हैं। भारत ने एक बहुत ही सोच-समझकर सॉवरेन चॉइस चुनी है-SML यानी स्मॉल लैंग्वेज मॉडल्स। ये टास्क-स्पेसिफिक हैं और स्मार्टफोन पर चलने के लिए डिजाइन किए गए हैं।

### अरबों लोगों की जिंदगी बदलेगा एआई : सुंदर पिचाई



गूगल के सीईओ सुंदर पिचाई ने समिट में कहा कि गूगल भारत में अपने 15 बिलियन डॉलर के इंफ्रास्ट्रक्चर निवेश के हिस्से के रूप में एक 'फुल स्टैक एआई हब' स्थापित कर रहा है। इस हब में गीगावाट स्केल की कंप्यूटिंग और एक नया इंटरनेशनल सब-सी केबल गेटवे होगा। हर किसी के लिए उपयोगी एआई बनाने के लिए हमें साहसिक कदम उठाने होंगे, क्योंकि यह अरबों लोगों के जीवन को बेहतर बना सकता है और सबसे कठिन समस्याओं को हल कर सकता है।

---

### ईमेल से साइनाइड गैस वाले ब्लास्ट की चेतावनी, खाली कराया परिसर

# पीपुल्स यूनिवर्सिटी को बम से उड़ाने की धमकी

**भोपाल, दोपहर मेट्रो**

राजधानी स्थित पीपुल्स यूनिवर्सिटी को आज सुबह बम से उड़ाने की धमकी मिलने के बाद हड़कंप मच गया। यूनिवर्सिटी के डीन को ईमेल भेजकर दावा किया गया कि कॉलेज भवन में साइनाइड (जहर) वाले बम रखे गए हैं, जो दोपहर 12.15 बजे फटेंगे। मेल में सुबह 11 बजे तक डॉक्टरों और छात्रों को परिसर से बाहर निकालने की चेतावनी दी गई थी। सूचना मिलते ही प्रशासन ने एहतियातन यूनिवर्सिटी खाली कराई और पुलिस व बम निरोधक दस्ता मौके पर पहुंच गया। पूरे परिसर में सघन तलाशी अभियान चलाया गया।




#### डीन को आया धमकी भरा ईमेल

जानकारी के मुताबिक यूनिवर्सिटी के डीन को आधिकारिक मेल आईडी पर एक संदिग्ध ईमेल प्राप्त हुआ। इसमें लिखा था कि कॉलेज परिसर में साइनाइड वाले बम लगाए गए हैं, जो तय समय पर विस्फोट करेंगे। मेल में धार्मिक नारे का भी उल्लेख किया गया था। संदेश में स्पष्ट रूप से सुबह 11 बजे तक डॉक्टरों और विद्यार्थियों को बाहर निकालने को कहा गया था। ईमेल मिलते ही यूनिवर्सिटी प्रबंधन ने पुलिस को सूचना दी। सुरक्षा के मद्देनजर परिसर को तत्काल खाली कराया गया। क्लासरूम, ओपीडी और प्रशासनिक भवनों से छात्रों व स्टाफ को बाहर निकाला गया। मौके पर बम निरोधक दस्ता और डॉग स्क्वॉड ने पहुंचकर जांच शुरू की। संदिग्ध स्थानों की गहन तलाशी ली गई। पुलिस अधिकारियों के अनुसार ईमेल की तकनीकी जांच की जा रही है। मेल किस आईडी से भेजा गया और उसका सर्वर लोकेशन क्या है।

---

### भोपाल में आज भी बारिश की संभावना

# वापस लौटी ठंड, कई जिलों में आंधी-ओले से फसल खराब



**भोपाल, दोपहर मेट्रो**

प्रदेश में मौसम का मिजाज अचानक बदल गया है। नए सिस्टम के सक्रिय होने से प्रदेश में फरवरी के महीने में तीसरी बार ओले और बारिश का दौर शुरू हुआ है। बुधवार रात भोपाल, इंदौर, ग्वालियर और उज्जैन समेत 20 से अधिक जिलों में गरज-चमक के साथ बौछारें पड़ीं, जिससे ठिठुरन बढ़ गई है।

गुरुवार सुबह भी राजधानी भोपाल समेत कई जिलों में मौसम बदला हुआ रहा। बादलों की तेज गड़गड़ाहट के साथ करीब डेढ़ घंटे तक कभी रिमझिम तो कभी तेज बारिश हुई। ठंडी हवाओं के चलने से दिन के तापमान में गिरावट की संभावना जताई जा रही है।

#### मिलेगा उचित मुआवजा

कृषि मंत्री एदल सिंह कंसाना ने किसानों को आश्वस्त करते हुए कहा है कि सरकार इस संकट की घड़ी में उनके साथ है। बारिश और ओलों से प्रभावित क्षेत्रों में फसलों के नुकसान का आकलन करने के लिए जांच के निर्देश जारी कर दिए हैं। विभाग के अधिकारी प्रभावित खेतों का दौरा कर सर्वे करेंगे, ताकि नुकसान का सही आंकड़ा सामने आ सके। मंत्री कंसाना ने कहा, 'जहां-जहां भी ओलावृष्टि और तेज बारिश की वजह से फसलें आड़ी हुई हैं या दाने खराब हुए हैं, वहां नियमानुसार मुआवजा दिया जाएगा। उन्होंने प्रशासन को निर्देशित किया है कि सर्वे का काम पूरी पारदर्शिता के साथ करें, ताकि किसानों को राहत में देरी न हो।

#### फसलों की पैदावार पर बुरा असर

इस बेमौसम बारिश और तेज आंधी ने किसानों की माथे पर चिंता की लकीरें खींच दी हैं। कई जिलों में खेतों में खड़ी फसलें आड़ी हो गई हैं, जिससे दानों की गुणवत्ता और पैदावार पर बुरा असर पड़ने की आशंका है। कुछ इलाकों में ओलावृष्टि से भी नुकसान की खबरें हैं।

---

### तेलंगाना बॉर्डर पर 'ऑपरेशन केजीएच-2'

# देश से नक्सलवाद खत्म करने के लिए 2 हजार जवानों का हल्लाबोल

**जगदलपुर, एजेंसी**

केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल के नेतृत्व में सुरक्षा बलों ने तेलंगाना सीमा क्षेत्र में 'केजीएच-दो' नाम से एक व्यापक अभियान शुरू किया है। इस ऑपरेशन का मुख्य उद्देश्य वरिष्ठ माओवादी नेताओं की तलाश और उनका सफाया करना है।

सूत्रों के अनुसार, सुरक्षा बल विशेष रूप से सीपीआई (माओवादी) के केंद्रीय समिति सदस्य देवजी उर्फ चेतन और केसा सोढ़ी की तलाश कर रहे हैं। अभियान में करीब 2,000 जवान शामिल हैं, जो नांवी और करेंगुट्टा पहाड़ियों में सघन सर्च ऑपरेशन चला रहे हैं। यह कार्रवाई केंद्र सरकार के उस



लक्ष्य का हिस्सा है, जिसमें मार्च 2026 तक देश से वामपंथी उग्रवाद खत्म करने की योजना बनाई गई है। इससे पहले अप्रैल-मई 2025 में सुरक्षा बलों ने 'ऑपरेशन ब्लैक फॉरेस्ट' चलाकर करेंगुट्टा पहाड़ियों को माओवादी प्रभाव से मुक्त कराया था और 31 माओवादियों को मार गिराया गया था।

### शिवाजी महाराज की जयंती पर भगदड़ में कई घायल

**पुणे, एजेंसी**

पुणे जिले के जुन्नर तालुका स्थित छत्रपति शिवाजी महाराज की जन्मस्थली किला शिवनेरी पर शिवजयंती के अवसर पर इस वर्ष भारी भीड़ उमड़ पड़ी। राज्यभर से शिवज्योति लेकर पहुंचे युवाओं, विभिन्न संगठनों के कार्यकर्ताओं और दर्शन के लिए आए श्रद्धालुओं के कारण किला परिसर रात से ही खचाखच भरा रहा। बढ़ती भीड़ पर नियंत्रण के लिए पर्याप्त पुलिस बंदोबस्त नहीं होने से कुछ समय के लिए हालात तनावपूर्ण हो गए। अंबरखाना के नीचे हाथी दरवाजा क्षेत्र और गणेश दरवाजा जैसे संकरे मार्गों पर अत्यधिक भीड़ जमा हो गई। रास्ते संकरे होने और एक साथ बड़ी संख्या में लोगों के आगे बढ़ने से अचानक भगदड़ जैसी स्थिति बन गई और इस अफरा-तफरी में कुछ महिलाओं और छोटे बच्चों सहित कई एक दर्जन लोग घायल हो गए। घायलों को तत्काल जुन्नर के सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां उनका उपचार जारी है।

---

**मेट्रो एंकर**

### फैशन जगत को बदलने वाले सब्यसाची मुखर्जी की यात्रा की सिल्वर जुबली

# कभी आया था आत्महत्या का खयाल, आज हैं फैशन इंडस्ट्री के शहंशाह

**नईदिल्ली. एजेंसी**

सब्यसाची मुखर्जी ने भारत के फैशन जगत को बदलने के अपने 25 साल पूरे कर लिए हैं। उन्होंने अपनी निजी जिंदगी की मुश्किलों से लड़ते हुए दुनिया भर में एक सफल और मशहूर फैशन हाउस बनाया। सब्यसाची की कहानी प्रेरणादायक है। आज उनका नाम लग्जरी, विरासत और बेहतरीन कारीगरी का पर्याय बन गया है। दुनिया भर के बड़े-बड़े सितारे, शाही परिवार और मशहूर हस्तियां उनके बनाए कपड़ों को पहनना पसंद करती हैं। हालांकि एक दौर ऐसा भी था जब संघर्षों और निराशा से जूझते हुए सब्यसाची के मन में आत्महत्या जैसा ख्याल भी आया था।

सब्यसाची मुखर्जी का जन्म 1974 में कोलकाता में एक मिडिल क्लास परिवार में हुआ था। उनके पिता बांग्लादेश से आए एक रिफ्यूजी थे। उन्होंने जूट इंडस्ट्री के डूबने और प्लास्टिक के बढ़ते



इस्तेमाल के कारण काफी मुश्किलें झेलीं। पिता की नौकरी जाने का सब्यसाची के परिवार पर गहरा असर पड़ा और पैसों की तंगी उनके बचपन का एक अहम हिस्सा बन गई। इन मुश्किलों ने उनके कैरेक्टर, उनकी क्रिएटिव सोच और उनके भविष्य को बनाने में बहुत बड़ी भूमिका निभाई।

#### डिप्रेशन का समय दर्दनाक

सब्यसाची ने अहमदाबाद के प्रतिष्ठित नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ डिजाइन में एडमिशन लिया, लेकिन उनकी निजी परेशानियां कम नहीं हुईं। खुद पर शक, पैसों की चिंता और अपनी उम्मीदों पर खरा उतरने का दबाव उन पर हावी होने लगा। इन मुश्किलों ने उन्हें एक ऐसे अंधेरे दौर में धकेल दिया कि उन्होंने आत्महत्या की कोशिश की। इस बारे में बात करते हुए सब्यसाची ने एक बार कहा था कि डिप्रेशन, भले ही उनकी जिंदगी का एक दर्दनाक हिस्सा था, लेकिन इसने उन्हें स्पष्टता और समझ दी। इसने उन्हें अपने क्रिएटिव काम में मकसद ढूंढने में मदद की और उन्हें वह हिम्मत दी जो आने वाले सालों में उनके काम आई। फैशन की दुनिया में सब्यसाची का सफर बिल्कुल भी आसान नहीं था। उन्होंने 1990 के दशक की शुरुआत में अपना करियर शुरू किया, जब भारतीय फैशन इंडस्ट्री अपने शुरुआती दौर में थी। लेकिन उनकी खास स्टाइल, जिसमें भारतीय विरासत को मॉडर्न टच के साथ मिलाया गया था, ने उन्हें अपने साथियों से अलग बना दिया। साल 1999 में कोलकाता में अपना पहला स्टूडियो खोला, जो उनके बिजनेस सफर की एक अहम शुरुआत थी। उनके ब्राइडल कलेक्शन ने

#### 500 करोड़ का कारोबार

साल 2020 तक सब्यसाची की कंपनी का अनुमानित टर्नओवर 275 करोड़ रुपये था, और ब्रांड की पहुंच लगातार बढ़ रही थी। साल 2021 में सब्यसाची ने एक बड़ा कदम उठाते हुए अपने ब्रांड का 51% हिस्सा आदित्य बिरला फैशन एंड रिटेल लिमिटेड को 398 करोड़ रुपये में बेच दिया। इस रणनीतिक समर्थन से सब्यसाची की विस्तार योजनाएं और भी महत्वाकांक्षी हो गईं। पिछले साल उनका अनुमानित टर्नओवर 500 करोड़ रुपये था। वह अब अपने ब्रांड को एक ग्लोबल लग्जरी पावरहाउस में बदलना चाहते हैं।

खूब सुर्खियां बटोरीं। जैसे-जैसे उनकी पहचान बढ़ी, सब्यसाची के डिजाइन बड़े-बड़े क्लाइंट्स, जिनमें बॉलीवुड के सितारे भी शामिल थे, को आकर्षित करने लगे। अमिताभ बच्चन, रानी मुखर्जी, प्रियंका चोपड़ा और दीपिका पादुकोण जैसे सितारे उनके कपड़ों के नियमित ग्राहक बन गए।

# रमजान का पाक महीना शुरू...





भोपाल। बुधवार रात चांद दिखने के साथ ही आज से रमजान का पवित्र महीना शुरू हो गया। इससे पहले स्थानीय मोती मस्जिद में रमजान के ऐलान को लेकर बैठक हुई। ऐलान पर तोप के गोले भी छोड़े गए। - *फोटो निर्मल व्यास*

### 2000 करोड़ रुपए खर्च करने की तैयारी

# कैंसर और हार्ट मरीजों के लिए बनेंगे बड़े सुपर स्पेशियलिटी अस्पताल

**भोपाल, दोपहर मेट्रो।**




मप्र में पहली बार कैंसर, हृदय और गंभीर बीमारियों के इलाज के लिए 'सीएम केयर योजना' का खाका बनकर तैयार हुआ है। इसका पूरा फोकस सुपर स्पेशियलिटी सुविधाएं बढ़ाने पर रहेगा, ताकि मरीजों को इलाज के लिए दिल्ली-मुंबई या दूसरे राज्यों की ओर न भागना पड़े।

सरकार की शुरुआती योजना के मुताबिक- अगले 5 साल में करीब 2000 करोड़ रुपए खर्च किए जाएंगे। वित्त विभाग ने भी इस प्रस्ताव पर सहमति दे दी है। कैंसर के इलाज के लिए सरकार आधुनिक उपकरण खरीद रही है पीपीपी मॉडल पर पेट सीटी मशीन की टेंडर प्रक्रिया हो गई है। जिन मेडिकल कालेजों में सुपर स्पेशलिटी विभागों की कमी है उनकी गैप फिलिंग की प्रक्रिया सीएम केयर योजना के माध्यम से जल्द ही प्रदेश सरकार करने जा रही है।

### अंग प्रत्यारोपण सुविधा

लिवर, किडनी, हार्ट, फेफड़ा व कॉर्निया ट्रांसप्लांट के लिए प्रदेश स्तरीय संस्थान बनेगा। सरकारी मेडिकल कॉलेजों में अंग निकालने की सुविधा शुरू होगी, मरीजों को बाहर नहीं जाना पड़ेगा।

### 6 मेडिकल कॉलेजों में नए विशेष चिकित्सा विभाग

–**जबलपुर** मेडिकल कॉलेज के स्टेट कैंसर इंस्टीट्यूट की क्षमता 200 से 600 बेड की जाएगी। यह प्रदेश का सबसे बड़ा सरकारी कैंसर केंद्र बनेगा। कार्डियोलॉजी सेंटर बनेगा

–**सरकार** स्टेट कार्डियोलॉजी सेंटर बनाएगी। यहां हार्ट से जुड़ी जटिल सर्जरी और उपचार की सुविधा उपलब्ध होंगी। पीडियाट्रिक ऑन्कोलॉजी से लेकर ऑन्को सर्जरी तक

–**इंदौर**, भोपाल, ग्वालियर, जबलपुर, रीवा और सागर मेडिकल कॉलेजों में ऑन्कोलॉजी, ऑन्को सर्जरी, कार्डियोलॉजी व कार्डियक विभाग शुरू होंगे। शुरुआत 100-100 बेड से होगी, बाद में नेफ्रोलॉजी व यूरोलॉजी जुड़ेंगी।

# आम मध्यमवर्ग की समस्याओं को रेखांकित करने वाले व्यंग्यकार थे शरद जोशी- डॉ. विकास

### 'धार व्यंग्य की' शरद जोशी समारोह सम्पन्न

**भोपाल. दोपहर मेट्रो।**




शरद जोशी आम मध्यम वर्ग की समस्याओं को सहज सरल भाषा में रेखांकित करने वाले अनूठे व्यंग्यकार थे, उनके व्यंग के विषय हमारी रोजमर्रा की जिंदगी और आसपास से होते थे।

यह उदगार हैं डॉ. विकास दवे निदेशक साहित्य अकादमी मध्यप्रदेश संस्कृति परिषद भोपाल के जो अकादमी द्वारा दुष्यन्त संग्रहालय के राज सभागार में आयोजित शरद जोशी समारोह के अंतर्गत 'धार व्यंग्य की' कार्यक्रम में मुख्य वक्ता के रूप में बोल रहे थे। इस आयोजन में मंच पर उपस्थित अतिथियों ने मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण और दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम का विधिवत शुभारम्भ किया फिर डॉ. मीनाक्षी दुबे के संचालन में गोष्ठी का शुभारम्भ हुआ। इस गोष्ठी में नगर के चौबीस व्यंग्यकारों ने अपने तीखे और धारदार व्यंग्य प्रस्तुत कर गोष्ठी को स्मरणीय बना दिया, इस गोष्ठी में व्यंग्यकार कुमार सुरेश ने शेर चीता और मेहमान , शारदा दयाल श्रीवास्तव ने बजट और बसंत, सतीशचंद्र श्रीवास्तव ने बातें उछलने की, घनश्याम मैथिल अमृत ने बदनाम होंगे तो क्या नाम न होगा, विजी श्रीवास्तव ने कफन चाहिए तो बोलो, मलय जैन ने रेल डिब्बो की हिचकोले, इसके साथ ही प्रियदर्शी खैरा, सुदर्शन सोनी, सुरेश पटवा, डॉ. संजय सक्सेना, डॉ. जवाहर कर्णावत अशोक व्यास, कमलकिशोर दुबे प्रकाश शर्मा गोकुल सोनी, अरविन्द मिश्रा डॉ. गिरजेश सक्सेना, राजेंद्र सिंह चौहान, गिरीश दुबे बेधड़क, लक्ष्मीकांत जवने ने अपनी समसामयिक उत्कृष्ठ व्यंग्य रचनाओं का वाचन किया।

# ऐश वेडनेसडे : माथे पर राख से क्रूस बनाया, 40 दिन रखेंगे उपवास और की जाएगी प्रार्थना

**भोपाल. दोपहर मेट्रो।**



सेंट जॉन्स ईएलसी चर्च में ऐश वेडनेसडे रात को मसीह लोगों ने माथे पर राख से क्रूस बनाकर के प्रभु यीशु मसीह के इन पवित्र 40 दिनों में उपवास और प्रार्थना की शुरुआत की।

आस्था है कि बुधवार को राख प्राप्त करने का आध्यात्मिक महत्व बहुत अधिक है। यह हमें पश्चाताप करने, शुद्ध होने और ईश्वर के समक्ष विनम्र होने की आवश्यकता का दृश्य और शारीरिक स्मरण दिलाता है। यह ईसाई समुदाय की एकजुटता को भी मजबूत करता है, क्योंकि हम सभी मिलकर उपवास के इस मार्ग पर अग्रसर होते हैं। इन पवित्र दिनों में प्रभु यीशु मसीह के द्वारा से दी गई शिक्षाओं पर आर्चडिकॉन रेव डॉक्टर अनिल मार्टिन ने प्रभु यीशु मसीह के द्वारा से दी गई उन महत्वपूर्ण शिक्षाओं का अपने जीवन में आत्मसात करने का संदेश दिया। उन्होंने कहा मनुष्यों को दिखाने के लिए नहीं वास्तविक रूप में सेवा करना दान देना, उपवास रखना और धर्म के काम करना चाहिए।

# सौतेले पिता ने की नाबालिग से दरिंदगी, गर्भवती हुई तो खुला राज

**भोपाल।** पिपलानी थाना इलाके से एक इंसानित को शर्मसार करते हुए झकझोर देने वाली सनसनीखेज खबर सामने आई है। यहां एक संरक्षक और पिता की भूमिका निभाने वाले शख्स ने अपनी 17 वर्षीय नाबालिग सौतेली बेटी से दरिंदगी की वारदात सामने आई है। बताया जा रहा है कि, आरोपी सौतेला पिता पिछले 6 महीनों से नाबालिग के साथ दुष्कर्म कर रहा था। मामले का खुलासा उस समय हुआ, जब पीड़िता के पेट में दर्द उठा, जिसके चलते उसे अस्पताल ले जाना पड़ा। यहां डॉक्टरों ने उसके गर्भवती होने की पुष्टि की। इस सनसनीखेज वारदात के सामने आने के बाद पिपलानी पुलिस ने कार्रवाई करते हुए आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है।

# दादाजी धाम में संत रामकृष्ण परमहंस का प्राकट्य दिवस मनाया

**भोपाल. दोपहर मेट्रो।**



जागृत एवं दर्शनीय तीर्थ स्थल दादाजी धाम मंदिर, रायसेन रोड, पटेल नगर, भोपाल में प्रतिवर्ष की भाँति इस वर्ष भी संत रामकृष्ण परमहंस का पावन प्राकट्य दिवस गुरुवार को श्रद्धा, भक्ति एवं आध्यात्मिक उल्लास के वातावरण में मनाया गया। इस पावन अवसर पर भोपाल नगर एवं आसपास के विभिन्न क्षेत्रों से संत श्री रामकृष्ण परमहंस जी के अनन्य श्रद्धालु भक्त दादाजी धाम मंदिर में पधारे और आयोजित धार्मिक अनुष्ठानों में सहभागिता कर आध्यात्मिक पुण्य लाभ अर्जित किया। कार्यक्रम के अंतर्गत प्रातः 10ः00 बजे गर्भगृह परिक्रमा में विराजमान संत श्री रामकृष्ण परमहंस जी की प्रतिमा का यजमान द्वारा विद्वान पंडितजनों के सान्निध्य में विधि-विधानपूर्वक अभिषेक, पूजन, अर्चना, आरती एवं हवन संपन्न कराया गया। संत रामकृष्ण परमहंस भारत के महान संत, योगी एवं आध्यात्मिक गुरु थे। वे मां काली के अनन्य भक्त थे और कठोर साधना के माध्यम से ईश्वर साक्षात्कार की अनुभूति प्राप्त की। उनका सम्पूर्ण जीवन सत्य, भक्ति, प्रेम एवं सर्वधर्म समभाव का अनुपम संदेश प्रदान करता है। इस पावन अवसर के साक्षी बने सभी श्रद्धालु भक्तों ने गहन आध्यात्मिक अनुभूति प्राप्त की तथा संत श्री रामकृष्ण परमहंस जी के आदर्शों को अपने जीवन में आत्मसात करने का संकल्प लिया।

# शिवाजी महाराज के जन्मोत्सव पर निकाली वाहन रैली

**भोपाल. दोपहर मेट्रो।**

छत्रपति शिवाजी शिवाजी महाराज सेवा जनकल्याण समिति द्वारा 19 फरवरी को शिवाजी महाराज की जयंती के अवसर पर भव्य वाहन रैली निकाली गई। जिसमें वाहन रैली में साधु संतों, सांसद आलोक शर्मा, मुख्य रूप से मौजूद रहे। यात्रा में भव्य शिवाजी महाराज मूर्ति के साथ सैकड़ों लोग वाहनों से निकले। समिति के अध्यक्ष दिनेश भोसले ने बताया यात्रा का वीर सावरकर चौराहा धर्मकांटा से प्रारंभ होकर, इब्राहिमगंज, बस स्टैंड, घोड़ा निक्कास, चौक बाजार होते हुए भवानी चौक सोमवारा पर समापन हुआ। इस अवसर पर समिति के सदस्य प्रवीण गुप्ता, मुकेश मेर, संजय चौरसिया, गोविंद प्रजापति, दुर्गेश भोसले, पवन शाक्य, कमल साहू, रिंकू वर्मा आदि रैली में शामिल हुए।



## मेट्रो एंकर

### एक्सप्रेस ट्रेनों की कोच संरचना में होगा बदलाव

# 12 नॉन-एसी और 8 एसी कोच लगाए जाएंगे

**भोपाल. दोपहर मेट्रो।**




आम यात्रियों को राहत देने के उद्देश्य से रेलवे ने एक्सप्रेस ट्रेनों की कोच संरचना में बड़ा बदलाव करने का निर्णय लिया है।

नई व्यवस्था के तहत अब एक्सप्रेस ट्रेनों में स्लीपर और जनरल श्रेणी के कम से कम 12 नॉन-एसी कोच अनिवार्य रूप से लगाए जाएंगे, जबकि एसी कोचों की संख्या अधिकतम 8 तक सीमित रहेगी। यह बदलाव जर्मन तकनीक पर आधारित एलएचबी (लिंक हॉफमैन बुश) कोच वाली 22 कोच की रैक में लागू किया जाएगा। करीब 80-85 प्रतिशत ट्रेनों में यह कोच लग चुके हैं।

### अभी 24 कोच से संचालित

रेलवे अधिकारियों के अनुसार, अब तक कई एक्सप्रेस ट्रेनें 24 कोच संरचना के साथ संचालित हो रही थीं। इनमें कुछ ट्रेनों में 10 तक एसी कोच, 12 तक स्लीपर कोच और केवल 1 या 2 जनरल कोच लगाए जाते थे। परिणामस्वरूप जनरल श्रेणी में यात्रा करने वाले यात्रियों को भारी भीड़ और असुविधा का सामना करना पड़ता था। त्योहारों के दौरान यह स्थिति और गंभीर हो जाती थी।

### त्योहारों में बढ़ती है नॉन-एसी कोच की मांग

रेलवे के मुताबिक होली, छठ, दीपावली और अन्य प्रमुख पर्वों पर बड़ी संख्या में यात्री जनरल और स्लीपर श्रेणी में यात्रा करते हैं। विशेषकर मप्र से उत्तर प्रदेश, बिहार, महाराष्ट्र व दक्षिण भारत की ओर जाने वाली ट्रेनों में नॉन-एसी कोच की मांग अधिक रहती है। इसी को ध्यान में रखते हुए कोच संरचना में संतुलन लाने का फैसला किया गया है।

### रैक में नया फॉर्मूला

नई व्यवस्था के तहत अधिकतम 22 कोच वाली एलएचबी तकनीक की रेक चलाई जाएगी। इसमें 12 कोच स्लीपर व जनरल श्रेणी के होंगे, जबकि 8 एसी कोच लगाए जाएंगे। रेलवे का मानना है कि इससे प्रतीक्षा सूची में कमी आएगी और जनरल व स्लीपर श्रेणी के यात्रियों को अधिक सीटें उपलब्ध हो सकेंगी।

### चरणबद्ध तरीके से होगा क्रियान्वयन

रेलवे अधिकारियों ने बताया कि नई कोच संरचना को चरणबद्ध तरीके से लागू किया जाएगा। जिन रूटों पर नॉन-एसी श्रेणी में यात्रियों की मांग अधिक है, वहां प्राथमिकता के आधार पर बदलाव किया जाएगा।

# होटल रूम में डॉक्टर ने महिला को नशीला पदार्थ देकर किया रेप

**भोपाल।** एमपी नगर में स्थित एक होटल रूम में एक डॉक्टर ने महिला को नशीला पदार्थ देकर उसके साथ रेप किया। आरोपी ग्वालियर का रहने वाला है। पीड़िता को इलाज के बहाने भोपाल लाया था। घटना के तीन दिन बाद महिला एमपी नगर थाने पहुंची तथा रिपोर्ट दर्ज कराई। फिलहाल आरोपी की गिरफ्तारी नहीं की जा सकी है। पुलिस के मुताबिक 30 वर्षीय महिला ग्वालियर की रहने वाली है। ग्वालियर के डॉक्टर अमरीश सेंगर से 7 महीने पहले उसने अपना इलाज कराना शुरू किया। इलाज के बाद चर्म रोग और फैलने लगा तो डॉक्टर ने कहा आगे के इलाज के लिए हमें भोपाल जाकर विशेषज्ञ डॉक्टर को दिखाना होगा तथा कुछ टेस्ट भी कराने होंगे। यह टेस्ट ग्वालियर में कहीं भी नहीं होते हैं। डॉक्टर और महिला मरीज भोपाल पहुंचे तथा एमपी नगर जोन टू स्थित एक होटल में ठहर गए।

**अस्पताल ले जाने के बजाए होटल ले गया:** महिला को शक हुआ तो उसने अपने पति को फोन कर कहा कि डॉक्टर अस्पताल ले जाने के बजाए होटल में लेकर आ गए हैं। मुझे डॉक्टर की नीयत पर भरोसा नहीं हो रहा। यह सुनने के बाद पति ग्वालियर से भोपाल के लिए निकल गया। इधर रात हो जाने पर महिला ने डॉक्टर से कहा कि होटल में एक और कमरा ले लो तो उसने कहा कि होटल में कमरे खाली नहीं है। रात में खाना खाने के बाद अंबरीश ने चर्म रोग की दवा के साथ नशीला पदार्थ देकर रेप किया।

### प्रदेश में 4 साल में 2947 मामलों में लोकायुक्त का एक्शन

# 1379 भ्रष्ट अफसरों के खिलाफ जांच, 134 मामलों में चालान की मंजूरी नहीं

**भोपाल, दोपहर मेट्रो**

लोकायुक्त में बीते चार वर्षों में मध्यप्रदेश के 1379 अधिकारी-कर्मचारियों के विरुद्ध जांचें चल रही हैं। जांच के दायरे में आए मामलों में 20.97 करोड़ रुपए की वसूली किए जाने के बावजूद 134 प्रकरण अभियोजन स्वीकृति में लंबित हैं। वहीं 39 प्रकरणों में चालानी कार्रवाई की गई है और 208 प्रकरणों में न्यायालय में चालान पेश किए जा चुके हैं।

यह जानकारी कांग्रेस विधायक भंवर सिंह शेखावत के सवाल के लिखित जवाब में मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने दी। उन्होंने बताया कि लोकायुक्त संगठन में वर्ष 2022-23 से अब तक 1884 शिकायतें दर्ज हुई हैं, जबकि विशेष पुलिस स्थापना में 1063 आपराधिक प्रकरण पंजीबद्ध किए हैं।

इन मामलों में शिकायत एवं जांच शाखा तथा तकनीकी शाखा द्वारा इसी अवधि में 1592 जांच पूरी कर प्रकरणों का निराकरण किया है। वर्तमान में शिकायत एवं जांच शाखा में 1291 तथा तकनीकी शाखा में 88, कुल 1379 प्रकरण जांच के दायरे में हैं।

### जांच पूरी फिर भी इंतजार

लोकायुक्त संगठन की विशेष पुलिस स्थापना द्वारा पंजीबद्ध 1063 आपराधिक प्रकरणों में से 393 प्रकरणों की विवेचना पूरी की जा चुकी है। इनमें 134 प्रकरण अभियोजन स्वीकृति में लंबित हैं। वहीं 39 प्रकरणों में चालानी कार्रवाई की गई है और 208 प्रकरणों में न्यायालय में चालान पेश किए हैं। इसके अतिरिक्त 12 प्रकरणों में न्यायालय में खात्मा पेश किया है, जिनमें आरोपी की मृत्यु अथवा प्रकरण के उन्मोचित होने का आधार रहा। शेष 670 प्रकरण वर्तमान में विवेचनाधीन हैं।




### 153 मामलों में अनुशासनात्मक कार्रवाई

जवाब में यह भी बताया गया कि कुल जांच किए गए मामलों में शिकायत एवं जांच शाखा के 146 तथा तकनीकी शाखा के 7, कुल 153 प्रकरणों में अनुशासनात्मक कार्रवाई की गई है। साथ ही शिकायत एवं जांच के आधार पर 20 करोड़ 97 लाख 17 हजार 905 रुपए की वसूली की गई है। लोकायुक्त संगठन की विशेष पुलिस स्थापना द्वारा न्यायालय में पेश किए गए 208 चालानों में से 7 प्रकरणों में आरोपियों के विरुद्ध दोष सिद्ध हुआ है। इन मामलों में संबंधित आरोपियों के खिलाफ सामान्य प्रशासन विभाग के परिपत्र क्रमांक ए-6-2/98/3/1 दिनांक 26 मई 1998 के अनुसार अनुशासनात्मक कार्रवाई करने के निर्देश दिए हैं।

### कांग्रेस विधायक ने पूछा था यह सवाल

कांग्रेस विधायक भंवर सिंह शेखावत ने विधानसभा के माध्यम से राज्य सरकार से पूछा था कि वर्ष 2022-23 से वर्तमान तक लोकायुक्त संगठन में कुल कितने प्रकरण प्राप्त हुए, कितने प्रकरणों का निराकरण किया गया और कितने वर्तमान में लंबित हैं। साथ ही कितने प्रकरणों में दोष सिद्ध हुआ, उनके विरुद्ध क्या कार्रवाई प्रस्तावित की गई तथा लंबित प्रकरणों के शीघ्र निराकरण के लिए शासन द्वारा क्या कार्ययोजना और समय-सीमा निर्धारित की गई है।




### मुख्यमंत्री ने ग्वालियर के कुथैल क्षेत्र को दी करोड़ों की सौगात

# किसान कल्याण वर्ष में एक लाख करोड़ से अधिक राशि किसानों के नाम पर होगी खर्च

### पशुपालन -दूध उत्पादन से बढ़ाएंगे किसानों की आय

**भोपाल, दोपहर मेट्रो**

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के मार्गदर्शन में मध्यप्रदेश सरकार सभी वर्गों के कल्याण के लिए दृढ़संकल्पित होकर कार्य कर रहे है। मध्यप्रदेश विधानसभा में 4 लाख 38 हजार करोड़ रुपए से अधिक का ऐतिहासिक बजट प्रस्तुत किया गया है। कृषि कल्याण वर्ष में प्रदेश के किसानों के लिए एक लाख करोड़ से अधिक राशि का प्रावधान किसान हितैषी योजनाओं के लिये किया गया है। प्रदेश सरकार का किसानों के कल्याण के प्रति प्रतिबद्धता का यह प्रमाण है। उन्होंने कहा गरीब, युवा, अन्नदाता और नारी कल्याण के साथ हम प्रदेश को प्रगति पथ पर आगे बढ़ा रहे हैं। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि मध्यप्रदेश कृषि उत्पादन में लंबे समय से अग्रणी है। किसानों की आय बढ़ाने के लिए राज्य सरकार ने पशुपालन और दूध उत्पादन बढ़ाने का संकल्प लिया है। डॉ. भीमराव अंबेडकर कामधेनु योजना से प्रदेश में दूध उत्पादन को 9 प्रतिशत से बढ़ाकर 20 प्रतिशत तक पहुंचाने का लक्ष्य तय किया गया है।

सीएम ने किसान कल्याण वर्ष के उपलक्ष में ग्वालियर जिले में भगवान जगन्नाथ की पुण्य भूमि ग्राम कुलैथ में आयोजित हुए विशाल किसान सम्मेलन को संबोधित करते हुए कहा कि किसानों की जमीन के पट्टों की रजिस्ट्री का पूरा खर्च सरकार उठाएगी, इसके लिए बजट में पर्याप्ट धनराशि का प्रावधान किया गया है। इससे किसानों को बैंकों से योजनाओं का लाभ मिल सकेगा। उन्होंने कहा किसानों की जिंदगी बेहतर बनाने के लिए सरकार द्वारा हर संभव कार्य किए जा रहे हैं। प्रदेश के किसानों को सोलर पंप वितरित कर उन्हें बिजली उत्पादन के क्षेत्र में आत्मनिर्भर बनाया जा रहा है। बुंदेलखंड की केन-बेतवा लिंक परियोजना का लाभ चंबल क्षेत्र के किसानों को भी मिलने वाला है। सिंचाई की सुविधा मिलने से यहां खेतों में फसलें लहलहाएंगी।

### अगले साल के बजट प्रस्तावों का किया जिक्र

सीएम ने कहा कि प्रदेश में पहली से 8वीं कक्षा तक के बच्चों के सुपोषण के लिये सरकार निःशुल्क दूध उपलब्ध कराएगी। इस साल के बजट में यह योजना प्रस्तावित की गई है। साथ ही बजट में लाड़ली बहनों के लिए 23 हजार करोड़ से अधिक राशि आवंटित की गई है। उन्होंने कहा कि भगवान श्रीकृष्ण का स्मरण करने से जीवन की अनेक कठिनाइयां खत्म हो जाती हैं। बाबा महाकाल ने सभी के जीवन का समय निश्चित किया है, इसलिए समाज कल्याण के लिए सदैव तत्पर रहना चाहिए। इस अवसर पर स्थानीय ग्रामीण पारंपरिक लोक गायकों द्वारा प्रस्तुत कन्हैया लोकगीतों का आनंद भी मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने लिया। उन्होंने मनमोहक कन्हैया लोक गीत प्रस्तुत करने वाले लोक गायकों का पुष्प वर्षा कर अभिनंदन और उत्साहवर्धन किया। लोक गायन में भाग लेने वाली सभी 18 टीमों को 5 – 5 हजार रुपए का पुरस्कार देने की घोषणा की।

### हितलाभ वितरण एवं प्रदर्शनी का अवलोकन

सीएम ने किसान सम्मेलन में सरकार की किसान हितैषी व अन्य योजनाओं के तहत मुख्य मंच से प्रतीक स्वरूप हितलाभ भी वितरित किए। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कार्यक्रम स्थल पर लगी कृषि प्रदर्शनी में लगाए गए 16 स्टॉलों का भ्रमण कर विभिन्न विभागों एवं संस्थाओं द्वारा प्रदर्शित योजनाओं, नवाचारों एवं तकनीकी जानकारी का अवलोकन किया। प्रदर्शनी में उद्यानिकी एवं खाद्य प्रसंस्करण विभाग द्वारा विभागीय योजनाओं के प्रचार-प्रसार के साथ फूलों की खेती एवं ड्रिप स्प्रिंकलर का लाइव डेमो प्रस्तुत किया गया।

### नई आबकारी नीति को कैबिनेट की मंजूरी

# 20फीसदी तक बढ़ेंगी शराब की कीमतें, अब हर साल नहीं होगा दुकानों का नवीनीकरण

**भोपाल, दोपहर मेट्रो**



राज्य सरकार ने आगामी वित्तीय वर्ष 2026-27 के लिए नई आबकारी नीति को मंजूरी दे दी है। कैबिनेट की बैठक में लिए गए इस फैसले के बाद प्रदेश में शराब के दामों में औसतन 20 प्रतिशत तक बढ़ोतरी होगी। साथ ही अब शराब दुकानों का हर वर्ष नवीनीकरण नहीं किया जाएगा। नई व्यवस्था के तहत शराब दुकानों का आवंटन ई-टेंडर प्रक्रिया से किया जाएगा। पहले की तरह साल-दर-साल नवीनीकरण की परंपरा समाप्त कर दी गई है। सरकार का तर्क है कि इससे पारदर्शिता बढ़ेगी और राजस्व संग्रह में सुधार होगा। सरकार ने वर्ष 2026-27 के लिए आबकारी मद से करीब 18 हजार करोड़ रुपये से अधिक राजस्व प्राप्त करने का लक्ष्य तय किया है। पिछले वित्तीय वर्ष की तुलना में यह लक्ष्य ऊंचा रखा गया है। अधिकारियों का कहना है कि नई नीति से राजस्व में उल्लेखनीय वृद्धि की संभावना है।

### एफडी और बैंक गारंटी की व्यवस्था में बदलाव

नई नीति के तहत आवंटन प्रक्रिया में सुरक्षा राशि और बैंक गारंटी से जुड़ी शर्तों में भी संशोधन किया गया है। अब पहले जैसी एफडी और सामान्य बैंक गारंटी की अनिवार्यता नहीं रहेगी। इसके स्थान पर निर्धारित प्रक्रिया के अनुसार ई-चलान और ई-बैंकिंग माध्यम से शुल्क जमा कराया जाएगा। सरकार ने स्पष्ट किया है कि अवैध शराब निर्माण और तस्करी पर कड़ी कार्रवाई जारी रहेगी। सीमावर्ती क्षेत्रों में निगरानी और प्रवर्तन व्यवस्था को मजबूत किया जाएगा। शराब निर्माण से जुड़ी कंपनियों को अपने उत्पाद की कीमत निर्धारण में कुछ लचीलापन दिया गया है। इससे उद्योग क्षेत्र को प्रतिस्पर्धा के अनुरूप काम करने में सुविधा मिलेगी। कैबिनेट ने जनजातीय एवं अनुसूचित जाति वर्ग से जुड़ी विभिन्न योजनाओं को वित्तीय वर्ष 2026-27 से 2030-31 तक जारी रखने की मंजूरी दे दी है। विभागीय योजना, क्षेत्रीय विकास कार्यक्रम, निर्देशन-प्रशासन और अनुश्रवण इकाइयों के संचालन के लिए कुल 53 करोड़ 97 लाख रुपये स्वीकृत किए गए हैं। अनुसूचित जनजाति और अनुसूचित जाति बस्तियों के विकास, 1032 कार्यालय भवनों के निर्माण व विद्युतीकरण, जननायक टंट्या भील मंदिरों के जीर्णोद्धार तथा ग्रामीण शालाओं के उन्नयन के लिए 583 करोड़ 75 लाख रुपये मंजूर किए गए हैं। पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति योजना (कक्षा 11वीं, 12वीं और महाविद्यालयीन छात्रों के लिए) के संचालन हेतु 4,230 करोड़ 82 लाख रुपये स्वीकृत किए गए हैं।

### एकलपीठ के समक्ष मूल याचिका पर जारी रहेगी सुनवाई

# भोपाल ननि आयुक्त संस्कृति जैन के विरुद्ध हाईकोर्ट ने निरस्त की अवमानना की कार्रवाई

**जबलपुर, दोपहर मेट्रो**

हाई कोर्ट के मुख्य न्यायाधीश संजीव सचदेवा व न्यायमूर्ति विनय सराफ की युगलपीठ ने बुधवार को नगर निगम, भोपाल की आयुक्त संस्कृति जैन के विरुद्ध अवमानना की कार्रवाई निरस्त कर दी। जबकि एकलपीठ के समक्ष मूल याचिका पर सुनवाई जारी रहने की व्यवस्था दे दी। दरअसल, इस मामले में एकलपीठ ने एकलपीठ ने निगमायुक्त को अवमानना का दोषी करार दिया था और उसकी सजा के लिए सुनवाई होनी थी। इसी बीच नगर निगम भोपाल व निगमायुक्त की ओर से युगलपीठ के समक्ष अपील दायर कर दी थी।



नगर निगम आयुक्त की ओर से वरिष्ठ अधिवक्ता एचएस रूपराह, सुयश मोहन गुरू ने पक्ष रखा। उन्होंने दलील दी कि हाई कोर्ट ने अवमानना की कार्रवाई शुरू करने का अधिकार है तभी है जब न्यायालय के आदेशों का जानबूझकर उल्लंघन हुआ हो। भोपाल नगर निगम कमिश्नर संस्कृति जैन को सजा के मामले में एमपी हाईकोर्ट की युगलपीठ ने लगाई रोक मर्लिन बिल्डकान प्राइवेट लिमिटेड की पूरी याचिका में ऐसा कोई आरोप नहीं है कि नगर निगम ने उच्च न्यायालय या उसके अधीनस्थ किसी न्यायालय द्वारा पारित किसी आदेश या निर्देश का उल्लंघन किया हो।

## महाकाल की संध्या-शयन आरती के लिए भी देना होगा पैसा

**उज्जैन।** श्री महाकालेश्वर मंदिर में भस्म आरती की तरह अब संध्या आरती और शयन आरती दर्शन के लिए भी ऑनलाइन बुकिंग होगी। भक्तों को इसके लिए 250 रुपए प्रति व्यक्ति चुकाने होंगे, मंदिर समिति ने यह व्यवस्था गुरुवार से शुरू कर दी है।



जबकि शुल्क नहीं देने वाले भक्तों को चलित दर्शन करने होंगे। शाम को होने वाली संध्या आरती और रात में होने वाली शयन आरती में भक्तों की उमड़ने वाली भीड़ को देखते हुए महाकाल मंदिर प्रबंध समिति ने यह निर्णय लिया है।

# मानवता की मिसाल: इंदौर शहर में बना 66वां ग्रीन कॉरिडोर, 3 लोगों को मिला नया जीवन

**इंदौर, दोपहर मेट्रो**

इंदौर शहर में फिरग्रीन कारिडोर बना। मानवता की मिसाल पेश करते यह 66वां ग्रीन कारिडोर है। 49 वर्षीय विजय जायसवाल के अंगदान से तीन लोगों को नया जीवन मिला। खरगोन की गोविंद शिंदे कॉलोनी निवासी विजय जायसवाल को सड़क दुर्घटना के बाद ब्रेन डेड घोषित किया गया था। 15 फरवरी की सुबह दुर्घटना में गंभीर रूप से घायल होने के बाद उन्हें इंदौर के एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया था। लगातार उपचार के बावजूद इलाज से कोई फर्क नहीं पड़ रहा था। इस दौरान डॉ. अंशुल जैन और वरिष्ठ गहन चिकित्सा विशेषज्ञ डॉ. वरुण देशमुख ने उन्हें ब्रेन डेड घोषित किया। इसके बाद कानूनी प्रक्रिया के तहत मुस्कान समूह के परामर्शदाताओं को सूचना दी गई।



### परिवार ने लिया अंगदान का निर्णय

तीन दिनों तक मुस्कान समूह के सदस्य संदीपन आर्य, जीतू बगानी और लकी खत्री द्वारा परिवार को परामर्श दिया गया। अंततः पत्नी आराधना जायसवाल, बड़े भाई विनोद जायसवाल, विशाल जायसवाल और पुत्र प्रथमेश ने साहसिक निर्णय लेते हुए अंगदान की सहमति दी। रात 10-15 बजे विशेष ज्यूपिटर अस्पताल, इंदौर से एयरपोर्ट तक ग्रीन कॉरिडोर बनाकर हृदय को वायु मार्ग से मरेंगो सिम्स अस्पताल, अहमदाबाद भेजा गया।

### केमिस्ट्री के पेपर में तीन-तीन मामले

# एमपी बोर्ड परीक्षा: नकल के लिए बदनाम चंबल की राह पर भोपाल

**भोपाल, दोपहर मेट्रो**

मध्य प्रदेश माध्यमिक शिक्षा मंडल की 10वीं-12वीं बोर्ड परीक्षाओं में नकल के लगातार सामने आ रहे मामलों ने परीक्षा व्यवस्था की साख पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं। चौंकाने वाली बात यह है कि वर्षों से नकल के लिए बदनाम चंबल अंचल अब अकेला नहीं रह गया है, बल्कि भोपाल में भी समान स्थिति दिखाई दे रही है।

बुधवार को 12वीं के केमिस्ट्री, हिस्ट्री सहित अन्य विषयों की परीक्षा में एक ही दिन में मुरैना, सागर और भोपाल में 3-3 तथा रीवा में 1 प्रकरण दर्ज किया गया। जांच टीमों के अनुसार पारंपरिक और हाई-टेक दोनों तरीके सामने आए हैं। माइक्रो पर्चियां, हथेली पर लेखन, जूतों-मोजों में नोट्स, ब्लूटूथ ईयर डिवाइस, वॉशरूम कॉपींग और बाहरी सॉल्वर गैंग जैसे तरीके अब भी सक्रिय हैं।

चंबल क्षेत्र के भिंड और मुरैना लंबे समय से संगठित नकल और पेपर लीक के आरोपों से घिरे रहे हैं। पिछले पांच वर्षों के आंकड़े बताते हैं कि भोपाल में नकल के मामलों में लगातार वृद्धि हुई है। 2021 में जहां चंबल क्षेत्र में 48 और भोपाल में 19 केस दर्ज हुए थे, वहीं 2025 में यह आंकड़ा क्रमशः 36 और 34 तक पहुंच गया। 'फ्लाइंग स्क्वॉड' और 'सीसीटीवी' व्यवस्था का असर सीमित दिख रहा है।

अफसर बोले- निगरानी से पकड़े जा रहे मामले मंडल अधिकारियों का दावा है कि सख्त निगरानी के कारण ही मामले पकड़ में आ रहे हैं और दोषियों

### मेट्रो एंकर

### अब बालाघाट में भी लीजिए जिपलाइन का मजा

# सोनघाघरा बनेगा इको-टूरिज्म हब, मास्टर प्लान हुआ तैयार

**बालाघाट, दोपहर मेट्रो**

जिले के वन परिक्षेत्र बिरसा दमोह सामान्य अंतर्गत स्थित सोनघाघरा भूतना को पर्यटन स्थल के रूप में विकसित करने की तैयारी शुरू हो गई है। वन विभाग ने इसका प्रस्ताव तैयार कर भोपाल स्थित संस्कृति विभाग को भेज दिया है। शासन से स्वीकृति मिलते ही यहां विकास कार्य शुरू किए जाएंगे।

**दो प्राकृतिक झरनों और सोन नदी उद्गम का आकर्षण-** सोनघाघरा पहाड़ी जंगल के बीच स्थित प्राकृतिक स्थल है, जहां पहाड़ी से दो अलग-अलग स्थानों से झरने प्रवाहित होते हैं। पास ही स्थ्ठु ऋ्क1द्ग्ह-का उद्गम स्थल और एक गर्म पानी का कुंड भी है। वर्षा ऋतु के तीन माह छोड़कर यहां सालभर पर्यटक पहुंचते हैं। नए साल और त्योहारों पर यहां विशेष भीड़ रहती है। पहाड़ी पर स्थित प्राचीन मां दुर्गा मंदिर भी श्रद्धालुओं का प्रमुख आकर्षण है।



**बढ़ेंगी सुविधाएं, मिलेगा रोजगार-** संस्कृति विभाग से मंजूरी मिलने के बाद यहां बैठने की कुर्सियां, कैंटीन, पेयजल व्यवस्था, शौचालय, पार्किंग, टिकट घर और नेचर ट्रेल जैसी सुविधाएं विकसित की जाएंगी। जिपलाइन (तार झूला), ट्रैकिंग रूट और कैंपिंग साइट भी प्रस्तावित हैं, जिससे पर्यटक जंगल का नजारा रोमांचक अंदाज में देख सकेंगे।

### बाहरी पर्यटकों के लिए प्रशिक्षित गाइड भी किए जाएंगे तैनात

वन परिक्षेत्र अधिकारी सौरभ शरणागत के अनुसार, विकास कार्यों से स्थानीय आदिवासी युवाओं को रोजगार मिलेगा और वन सुरक्षा समिति को आय प्राप्त होगी। बाहरी पर्यटकों के लिए प्रशिक्षित गाइड भी तैनात किए जाएंगे। अनुमान है कि 20 से 30 लोगों को प्रत्यक्ष रोजगार मिलेगा। वन विभाग का उद्देश्य सोनघाघरा को एक बेहतर पिकनिक स्पॉट और इको-टूरिज्म केंद्र के रूप में विकसित करना है, ताकि प्राकृतिक सौंदर्य के साथ स्थानीय अर्थव्यवस्था को भी मजबूती मिल सके।

## टैलेंट हंट का मकसद और पुरानी परंपरा

मध्यप्रदेश कांग्रेस ने एक नई पहल की है। पार्टी प्रवक्ताओं के नए बैच की भर्ती के लिए टैलेंट हंट प्रोग्राम शुरु किया है। मध्यप्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी और राज्य विधानसभा में विपक्ष के नेता उमंग सिंघार की मानें तो टैलेंट हंट का मकसद योग्य प्रवक्ताओं, अनुसंधान समन्वयकों और प्रचार समन्वयकों की तलाश करना है। 20 राज्य प्रवक्ता, कई मीडिया पैनलिस्ट और मंडल तथा जिला स्तर पर दो-दो प्रवक्ता चुने जाने हैं। जाहिर सी बात है कि जो चुने जाएंगे, उन्हें कांग्रेस की विचारधारा का होना चाहिए। आवेदन पत्रों का वितरण प्रारंभ हो गया है और 28 फरवरी आवेदन जमा करने की अंतिम तिथि है। सामान्य तौर पर यह सब सुनना अच्छा लग रहा है। जो समझ रखने वाले युवा हैं या जिनकी रुचि शोध में है और भारत को नई दिशा देने की तमन्ना रखते हैं, उनके लिए यह नया अवसर हो सकता है। मध्यप्रदेश में कांग्रेस बुरे दौर में है। पिछले 23 वर्षों में केवल 15 महीने ही कांग्रेस सत्ता में रही। कांग्रेस को यह समझना होगा कि यह स्थिति क्यों पैदा हुई? ऐसा तो कतई नहीं कहा जा सकता कि कांग्रेस के पास टैलेंट की कमी थी, इसलिए पार्टी लोगों से दूर होती चली गई ! कांग्रेस में एक से एक टैलेंटेड नेता और कार्यकर्ता रहे हैं लेकिन कांग्रेस के बारे में यह राय क्यों बनती चली गई कि वहां टैलेंट हंट का मतलब टैलेंट का शिकार करना है? क्यों यह राय बनती चली गई है कि कांग्रेस में जो भी व्यक्ति टैलेंटेड होता है, उसके खिलाफ ऐसी भितरघात होती है कि वह टिक ही नहीं पाए? कांग्रेस के नेताओं को ही ऐसा क्यों लगता रहा है कि कांग्रेसी अपने ही लोगों का शिकार करते हैं, झूठे आरोपों में फंसाते हैं? क्यों इतने सारे नेता कांग्रेस को छोड़कर चले गए? लोग क्यों ऐसा कहते हैं कि आलाकमान को चापलूसों की फौज ने घेर रखा है? क्या कांग्रेस में शशि थरूर से ज्यादा टैलेंटेड कोई है? फिर उनकी उपेक्षा क्यों हो रही है? कांग्रेस को ये सारी बातें सोचनी होंगी। केवल टैलेंट को चुन कर पार्टी में लाने से काम नहीं चलेगा। टैलेंट के लिए पूरा परिवेश तैयार करना होगा ताकि वे देश के लिए जो सोचते हैं, उसे क्रियान्वित करने का मौका उन्हें मिले। पार्टी में लोकतांत्रिक व्यवस्था तैयार करनी होगी ताकि सबके लिए समान अवसर उपलब्ध हो सके। कांग्रेस को सोचना होगा कि उसका मुकाबला ऐसी भारतीय जनता पार्टी से है जिसके नेता चौबीसों घंटे सक्रिय और समर्पित रहते हैं। कांग्रेस के हाल क्या हैं? नेताओं की तो फिर भी थोड़ी पूछ-परख हो जाती है, क्या कार्यकर्ताओं से बात करने वाला भी कोई है? कांग्रेस को सोचना होगा कि उसकी बदहाली लोकतंत्र के लिए ठीक नहीं है. लोकतंत्र तभी मजबूत होता है जब विपक्ष में भी हौसले वाली पार्टी हो। कांग्रेस के भीतर हौसला कहीं नजर नहीं आ रहा है. टैलेंट ढूंढ़िए मगर टैलेंट का शिकार मत कीजिए !

## बांग्लादेश की तारिक रहमान सरकार में हिंदु समुदाय के सांसदों को मंत्री बनाने के निहितार्थ

डॉ. रमेश ठाकुर
स्तंभकार



पड़ोसी देश बांग्लादेश में तारिक रहमान की अगुवाई में नई सरकार शपथ ले चुकी है। खास बात ये है नयी सरकार में दो हिंदू सांसदों को मंत्री बनाया गया है। समूची दुनिया इस निर्णय को भारत के साथ प्रत्यक्ष रूप से बांग्लादेश के बिगड़े संबंधों को सुधारने की पहल के रूप में देख रही है। इस कदम से चीन-पाकिस्तान चिढ़े भी हैं। यह उनके लिए असहज स्थिति पैदा करता है कि बांग्लादेश, भारत या उसके नजदीकियों को तवज्जो दे। लेकिन, देश के नये प्रधानमंत्री तारिक रहमान ने ऐसे मंसूबों को धता बताते हुए बड़ी सूझबूझ से कदम आगे बढ़ाया। बीते कुछ महीनों में 11 हिंदुओं की बर्बरता के साथ हुई हत्या ने बांग्लादेश की न सिर्फ थू-थू करवाई बल्कि दशकों से चले आ रहे भारत के साथ उसके मधुर संबंधों को भी पटरी से उतार दिया। इसे लेकर दोनों देशों में तल्खियां बनी हुई थीं। रहमान जानते हैं अगर माहौल ऐसा ही रहा तो रिश्तों की दूरियां घटने वाली नहीं। इसपर गौर करते हुए रहमान ने अपनी कैबिनेट में हिंदू समुदाय से ताल्लुक रखने वाले सांसदों को अहम औहदे सौंपे ताकि रिश्तों में फिर से नरमी लाई जा सके।



शेख हसीना की सरकार के पतन के साथ ही देश के हिंदु समुदाय को जिस तरह निशाना बनाया गया और बड़ी संख्या में भीड़ की हिंसा की घटनाएं तेजी से बढ़ीं, तारिक रहमान के सामने इन घटनाओं को तत्काल रोकने की बड़ी चुनौती है। हालांकि, इन घटनाओं को रोकने के लिए वह अपने कदम तेजी से बढ़ा रहे हैं। प्रधानमंत्री रहमान सबसे पहले पूर्व की अंतरिम सरकार के मुखिया रहे मोहम्मद यूनुस के फैसलों की गहन समीक्षा करेंगे। मोहम्मद यूनुस का झुकाव भारत को परेशान करने वाली पाकिस्तान-चीन की संयुक्त खुराफाती नीतियों की ओर ज्यादा रहा था। रहमान अच्छी तरह से समझते हैं कि जबतक मोहम्मद यूनुस कार्यकारी प्रधानमंत्री रहे, उन्होंने भारत के साथ संबंधों को बिगाड़ने की हरसंभव कोशिशे की। कुछ उन्होंने की और कुछ दूसरे देशों ने करवाई।

तारिक रहमान अपनी कैबिनेट में अल्पसंख्यक हिंदू मंत्रियों की आमद के साथ बांग्लादेश में अगले पांच सालों तक स्थिर और प्रभावशाली सरकार चलाने की मंशा रखते हैं। इसी को ध्यान में रखकर जब उनकी पार्टी बीएनपी चुनावों में जीती तो सबसे पहले वह अपने धुर विरोधी विपक्षी नेता और जमात-ए-इस्लामी प्रमुख शफीकुर रहमान के बिना बुलाए ढलती शाम के बाद उनके आवास पहुंच गए। चुनावी गुस्सेबाजियों के इतर उनसे नई सरकार में सहयोग की गुजारिश की। विपक्षी नेता ने भी राजनीतिक दुश्मनी छोड़ कर अपने घर पर उनका गर्मजोशी से स्वागत किया।

इस तरह की राजनीतिक परंपरा का प्रचार-प्रसार पूरे विश्व में होना चाहिए कि चुनाव बाद विपक्ष से सत्ता पक्ष को कैसे व्यवहार करना चाहिए। ये उन देशों के लिए सीख भी है जहां पक्ष-विपक्ष आपस में अनैतिकता की सभी सीमाएं लांघ रहे हैं। रहमान उस विपक्षी नेता के घर भी पहुंचे जिनकी पार्टी चुनाव में तीसरे स्थान पर रही। नेशनल सिटीजन पार्टी के नाहिद इस्लाम को भी गले लगाया और बांग्लादेश के विकास में उनसे भी सहयोग मांगा। राजनीति में ऐसी तस्वीरों का दिखना दुर्लभ होता है लेकिन बांग्लादेश में दिखी।

रहमान की जीत पर पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी का उन्हें भाई बताना और उनकी जीत की खुशी में फूल-मिठाइयां को ढाका भेजना भी खतरे में पड़े संबंधों में रस भरने जैसा कहा जाएगा। साथ ही रहमान के शपथग्रहण समारोह में भारत सरकार की ओर से लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला का पहुंचना भी संबंधों को नए सिरे से गढ़ने जैसा है। भारत के खिलाफ अपने मंसूबों को पूरा करने के लिए जिस तरह चीन-पाकिस्तान ने बांग्लादेश के कंधों का इस्तेमाल कर देश को सत्यानाश के रास्ते पर धकेल दिया, उसका अंदाजा नवगठित सरकार के मुखिया को है। बांग्लादेश-भारत संबंध जितने बिगड़ेंगे, दोनों देश मिलकर उतना ही फायदा उठाएंगे। चीन-पाकिस्तान की जुगलबंदी ने पूर्व की कार्यकारी सरकार को कठपुतली की तरह इस्तेमाल किया। पाकिस्तान की शह पर बंगाली और हिंदुओं को खूब लड़ाया गया लेकिन 13वें राष्ट्रीय चुनाव में हिंदू समुदाय के तीन सांसद जीते हैं- जिनमें निताई रॉय चौधरी को स्पीकर, चटगांव से जीते अधिवक्ता दीपेन दीवान को पहाड़ी क्षेत्रों के संरक्षण के लिए मंत्री और गोयेश्वर रॉय चौधरी को रेलमंत्री बनाया गया है। यह तथ्य एक उम्मीद जगाते हैं।

बांग्लादेश में नई सरकार के गठन के साथ करीब एक-डेढ़ साल से देश के विभिन्न हिस्सों में हिन्दुओं के खिलाफ भीड़ की हिंसा का जो दौर चल रहा था, वो फिलहाल थमता दिख रहा है। देश की जनता को इस दिन का लंबे समय से इंतजार था। काफी जद्दोजहद और राजनीतिक अस्थिरता के बीच हुए आम चुनाव में बीएनपी ने बड़े अंतर से विजय हासिल की है। कुल 298 संसदीय सीटों में 297 पर चुनाव हुए, उनमें से रिकॉर्ड 209 सीटें बीएनपी ने जीतीं। दूसरे नंबर पर जमात-ए-इस्लामी रही जिसने 68 सीटें जीतीं। तारिक रहमान की नई कैबिनेट में डॉ. खलीलुर रहमान को विदेश मंत्री, सलाहुद्दीन अहमद को गृह मंत्री, डॉ. अमीर खसरू महमूद को वित्त एवं प्लानिंग की जिम्मेदारी सौंपी गई है। कुल मिलाकर तारिक रहमान ने शिक्षित और बुद्धिजीवी लोगों से अपनी कैबिनेट को सजाया है। कैबिनेट में कुल 50 मंत्री हैं, जिनमें 25 कैबिनेट और 24 राज्यमंत्री हैं।


**-यह लेखक के अपने विचार हैं।**

## जयंती पर विशेष
## माधवराव गोलवलकर 'गुरूजी' राष्ट्रजीवन में अप्रतिम योगदान

हेमेंद्र क्षीरसागर
स्तंभकार



राष्ट्रऋषि, माधवराव गोलवलकर का जन्म 19 फरवरी, 1906, विजया एकादशी को नागपुर में अपने मामा के घर हुआ था। उनके पिता सदाशिव गोलवलकर उन दिनों नागपुर से 70 किमी दूर रामटेक में अध्यापक थे। माधव बचपन से ही अत्यधिक मेधावी छात्र थे। उन्होंने सभी परीक्षाएँ सदा प्रथम श्रेणी में उत्तीर्ण की। कक्षा में हर प्रश्न का उत्तर वे सबसे पहले दे देते थे। अतः उन पर यह प्रतिबन्ध लगा दिया गया कि जब कोई अन्य छात्र उत्तर नहीं दे पायेगा, तब ही वह बोलेगें। एक बार उनके पास की कक्षा में गणित के एक प्रश्न का उत्तर जब किसी छात्र और अध्यापक को भी नहीं सूझा, तब माधव को बुलाकर वह प्रश्न हल किया गया।



वे अपने पाठ्यक्रम के अतिरिक्त अन्य पुस्तकें भी खूब पढ़ते थे। नागपुर के हिस्लाप क्रिश्चियन कॉलिज में प्रधानाचार्य गार्डिनर बाइबिल पढ़ाते थे। एक बार माधव ने उन्हें ही गलत अध्याय का उद्धरण देने पर टोक दिया। जब बाइबिल मँगाकर देखी गयी, तो माधव की बात ठीक थी। इसके अतिरिक्त हॉकी व टेनिस का खेल तथा सितार एवं बाँसुरीवादन भी माधव के प्रिय विषय थे। उच्च शिक्षा के लिए काशी जाने पर उनका सम्पर्क संघ से हुआ। वे नियमित रूप से शाखा पर जाने लगे। जब डॉ. हेडगेवार काशी आये, तो उनसे वार्तालाप में माधव का संघ के प्रति विश्वास और दृढ़ हो गया। एमएससी करने के बाद वे शोधकार्य के लिए मद्रास गये। पर वहाँ का मौसम अनुकूल न आने के कारण वे काशी विश्वविद्यालय में ही प्राध्यापक बन गये।

उनके मधुर व्यवहार तथा पढ़ाने की अद्भुत शैली के कारण सब उन्हें 'गुरुजी' कहने लगे और फिर तो यही नाम उनकी पहचान बन गया। काशी हिन्दू विश्वविद्यालय के संस्थापक मालवीय भी उनसे बहुत प्रेम करते थे। कुछ समय काशी रहकर वे नागपुर आ गये और कानून की परीक्षा उत्तीर्ण की। उन दिनों उनका सम्पर्क रामकृष्ण मिशन से भी हुआ और वे एक दिन चुपचाप बंगाल के सारगाछी आश्रम चले गये। वहाँ उन्होंने विवेकानन्द के गुरुभाई स्वामी अखंडानन्द जी से दीक्षा ली। श्री गुरूजी का अध्ययन व चिंतन इतना सर्वश्रेष्ठ था कि वे पूरे राष्ट्र के प्रेरक पुंज व दिशा निर्देशक हो गये थे।

स्वामी जी के महाप्रयाण के बाद वे नागपुर लौट आये तथा फिर पूरे समर्पण भाव से संघ कार्य में लग गये। उनकी योग्यता देखकर डा हेडगेवार ने उन्हें 1939 में सरकार्यवाह का दायित्व दिया। अब पूरे देश में उनका प्रवास होने लगा। 21 जून, 1940 को डा हेडगेवार के देहावसान के बाद श्री गुरुजी सरसंघचालक बने। उन्होंने संघ कार्य को गति देने के लिए अपनी पूरी शक्ति झोंक दी। 1947 में देश आजाद हुआ; पर उसे विभाजन का दंश भी झेलना पड़ा। 1948 में गांधी जी हत्या का झूठा आरोप लगाकर संघ पर प्रतिबन्ध लगा दिया गया। श्री गुरुजी को जेल में डाल दिया गया; पर उन्होंने धैर्य से सब समस्याओं को झेला और संघ तथा देश को सही दिशा दी। इससे सब ओर उनकी ख्याति फैल गयी। संघ-कार्य भी देश के हर जिले में पहुँच गया।

श्री गुरुजी का धर्मग्रन्थों एवं हिन्दू दर्शन पर इतना अधिकार था कि एक बार शंकराचार्य की पदवी के लिए उनका नाम प्रस्तावित किया गया था, पर उन्होंने विनम्रतापूर्वक उसे अस्वीकार कर दिया। 1970 में वे कैंसर से पीड़ित हो गये। शल्य चिकित्सा से कुछ लाभ तो हुआ, पर पूरी तरह नहीं। इसके बाद भी वे प्रवास करते रहे, पर शरीर का अपना कुछ धर्म होता है। उसे निभाते हुए श्री गुरुजी ने 5 जून, 1973 को रात्रि में शरीर छोड़ दिया। स्तुत्य, गुरूजी का राष्ट्रजीवन में भी अप्रतिम योगदान था। उनकी विचार दृष्टि तेजस्वी राष्ट्र की परिकल्पना सृष्टि थी।

## हेल्थ टिप्स
## वजन घटाने और शुगर मेंटेन करने छोड़ें गेहूं का आटा, कई विकल्प मौजूद

वेट लॉस के अलग-अलग तरीके इन दिनों ट्रेंड में हैं। सोशल मीडिया पर भी कई लोग वजन घटाने के अनोखे तरीके बता रहे हैं। अगर आप वजन कम करना चाहते हैं, तो सबसे पहले यह जानना जरूरी है कि इसका कोई शॉर्ट कट नहीं अपनाना चाहिए। वजन हमेशा हेल्दी तरीकों से कम करना चाहिए, ताकि सेहत को नुकसान न हो और वजन कम भी हो जाए। आजकल कई लोग वेट लॉस के लिए गेहूं का आटा खाना छोड़ रहे हैं। हालांकि अब सवाल है कि अगर गेहूं का आटा न खाएं, तो उसकी जगह क्या खाया जाए? डाइटिशियन के अनुसार बाजार में आटे के कई हेल्दी विकल्प मौजूद हैं। नोएडा के मानस हॉस्पिटल की डाइटिशियन कामिनी सिन्हा के अनुसार गेहूं के आटे का बेहतरीन विकल्प ज्वार का आटा है। ज्वार ग्लूटेन-फ्री होता है और इसमें फाइबर की मात्रा अधिक होती है, जिससे पेट लंबे समय तक भरा रहता है। इस आटे का सेवन करने से ओवरईटिंग की संभावना कम होती है। इसका ग्लाइसेमिक इंडेक्स भी कम होता है, जिससे ब्लड शुगर कंट्रोल रहता है। वजन घटाने के दौरान ज्वार की रोटी एक अच्छा और हल्का विकल्प मानी जाती है।



एक्सपर्ट के मुताबिक दूसरा हेल्दी विकल्प बाजरे का आटा है। बाजरा प्रोटीन, फाइबर और आयरन से भरपूर होता है। यह पाचन को बेहतर बनाता है और मेटाबॉलिज्म को तेज करने में मदद करता है। सर्दियों में खासतौर पर बाजरे की रोटी शरीर को गर्माहट देती है और लंबे समय तक ऊर्जा प्रदान करती है। नियमित रूप से बाजरे का सेवन वजन घटाने की प्रक्रिया को सपोर्ट कर सकता है। इसके अलावा रागी का आटा वेट लॉस में कारगर है। रागी में कैल्शियम और फाइबर प्रचुर मात्रा में पाया जाता है। यह भूख को कंट्रोल करता है। रागी का सेवन करने से ब्लड शुगर धीरे-धीरे बढ़ता है, जिससे यह डायबिटीज के मरीजों के लिए भी बेहतर विकल्प हो सकता है। वजन घटाने के लिए रागी की रोटी या डोसा एक पौष्टिक विकल्प है। डाइटिशियन की मानें तो ओट्स का आटा भी गेहूं के आटे का अच्छा विकल्प है। ओट्स में घुलनशील फाइबर होता है, जो कोलेस्ट्रॉल कम करने और पाचन सुधारने में मदद करता है। यह पेट को लंबे समय तक भरा रखता है और कैलोरी कंट्रोल में सहायक होता है। ओट्स के आटे से रोटी, चीला या पैनकेक बनाकर डाइट में शामिल किया जा सकता है। इसके अलावा चने का आटा यानी बेसन भी एक अच्छा अल्टरनेटिव है। यह प्रोटीन से भरपूर होता है और मांसपेशियों को मजबूत बनाने में मदद करता है। यह लो-कार्ब विकल्प है और वजन घटाने वालों के लिए अच्छा माना जाता है।

### सुविचार

इस देश की परंपरा रही है कि लोक और शास्त्र, लगातार संवाद करते रहे हैं।
– नामवर सिंह

### निशाना
**नीतिराज चौरे 'नीति'**



**कुमार अखिलेश**

पाप के दाग लगे दामन पर.. !
अपने कर्मों को झुठलाकर, खुद से नज़र मिला लोगे,
सही गलत में भेद बताकर, खुद तो खुशी मना लोगे?
क्या सफाई दोगे उनको, संसार रचा है जिसने सारा,
अपने झूठे षण्यंत्रों से, उनको भी बहला लोगे?
लोभ सभी को होता है पर, सबकी अपनी सीमा है,
पाप के दाग लगे दामन पर, कुंभ स्नान से मिटा लोगे?
किया जो अब तक भूलो सबकुछ,
सद्कर्मों से नाता जोड़ों,
अच्छे कर्मों को अपनाकर, जीवन सुखद बना लोगे।।
याद रखेगी पीढ़ी तुमको, जिनको उम्मीदें तुमसे हैं,
उनकी नज़रों में इज्जत पाकर, सच्चा सुख तुम पा लोगे।

## यूजर्स गाइड
## स्लो इंटरनेट में भी चलेगा CCTV कैमरा, बिजली चोरी रोकने का टूल भी आया

एआई समिट 2026 में बड़ी कंपनियों से लेकर स्टार्टअप्स तक ने अपने प्रोडक्ट पेश किए हैं। Myblue.ai ने दुनिया का पहला सेमेंटिक वीडियो डेटा लेक पेश किया, जो स्लो इंटरनेट या कम स्पेस में भी CCTV कैमरा चला सकता है। Bidgel4 ने भी अपना ढ्ढ टूल समिट में पेश किया। यह बिजली चोरी से लेकर घर के अप्लाएंस के हेल्थ के बारे में भी जानकारी दे सकता है। मास्टरकार्ड ने भारत में ढ्ढ आधारित एजेंटिक कॉमर्स का पहला सर्टिफाइड ट्रांजैक्शन पूरा किया है। यानी अब AI की मदद से खरीदारी करना और पेमेंट करना पहले से ज्यादा आसान और सुरक्षित होगा।



दुनिया का पहला स्लो इंटरनेट या कम स्पेस में भी CCTV कैमरा चलाने वाला डिवाइस आया है। यह CCTV कैमरे के डेटा को 90% तक कंप्रेस कर देता है, वो भी विडियो क्वॉलिटी खराब किए बगैर। यह तीन स्तर पर काम करता है। पहला विडियो कंप्रेश करना, दूसरा कंटेंट एनालिसिस यानी अगर फुटेज में आपको किसी सफेद कार के बारे में जानकारी चाहिए तो चैट करते ही उस तरह की कार से जुड़ी फोटो आ जाएगी, तीसरा काम, बेहद अहम और अडवांस ढ्ढ से जुड़ा है। मान लीजिए कोई रेस्टोरेंट है तो यह कैमरे की फुटेज को इनहैंस करके समझ लेता है कि कौन सी टेबल गंदी है, फिर उसका अलर्ट दे देता है। इसी तरह किचन में अगर कोई इमरजेंसी है तो भी अलर्ट मिल जाता है।

Bidgel4 ने भी अपना AI टूल समिट में पेश किया। यह बिजली चोरी से लेकर घर के अप्लाएंस के हेल्थ के बारे में भी जानकारी दे सकता है। कंपनी अभी बिजली कंपनियों के साथ मिलकर काम कर रही है। 10 से 12 महीने के स्मार्ट मीटर के बिजली रीडिंग के आधार पर कंपनी का सिस्टम बता सकता है कि कौन सा उपकरण ज्यादा बिजली खर्च कर रहा है और बिल बचत की कहां संभावना है, किस समय और कैसे उपयोग से लाभ हो सकता है, कौन से उपकरण को बदलना चाहिए। अगर किसी इलाके में बिजली चोरी हो रही है तो भी डेटा के आधार पर सटीकता से जानकारी दे सकते हैं और अब तक बिजली विभाग को करोड़ों का लाभ करा चुके हैं।

## अजब - गजब
## एक नमकीन तालाब जिसके पानी में घुला है नमक, 58 डिग्री तापमान पर भी नहीं जमता पानी

सब जानते हैं समुद्र में नमक होता है। नमक मिलने की वजह से उनका घनत्व, नदी या तालाब की तुलना में ज्यादा होता है। पर क्या आप जानते हैं कि दुनिया में एक ऐसा भी तालाब है जिसके पानी का घनत्व इतना ज्यादा है कि -58 डिग्री तक तापमान पहुंचने के बाद भी पानी नहीं जमता। यही नहीं, इसका घनत्व डेड सी से ज्यादा है। ये अनोखा तालाब अंटार्कटिका में मौजूद है।



अंटार्कटिका के मैकमुर्डोज़ ड्राय वैली में मौजूद एक तालाब, डॉन जुआन दुनिया का सबसे नमकीन पानी का स्त्रोत है। इसका पानी डेड सी से भी ज्यादा नमकीन है। यही कारण है कि जब तापमान -58 डिग्री सेल्सियस तक पहुंचता है, तब भी ये तालाब नहीं जमता। ये असल में तालाब कम और बड़ा गड्ढा ज्यादा लगता है। पर इस तालाब ने वैज्ञानिकों को सालों से हैरान किया है। कारण है इसकी अनोखी संरचना। साल 1961 में वैज्ञानिकों ने इस तालाब की खोज की थी।

वो ये देखकर हैरान हुए थे कि जिस जगह पर मौसम का तापमान -58 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच जाता है, उस जगह पर पानी का ये छोटा सा स्त्रोत नहीं जम रहा था। उसी वक्त उस तालाब की जांच की गई और पाया गया कि उस तालाब के पानी में 40 फीसदी नमक मिला है। तुलना के लिए बता दें कि डेड सी में नमक की मौजूदगी 34 पर्सेंट है। वहीं दुनिया के तमाम महासागरों का पानी 3.5 पर्सेंट तक नमकीन है और ग्रेट सॉल्ट लेक में 5 से 26 फीसदी तक नमक है। हैरानी की बात ये है कि ये तालाब धरती की सबसे सूखी जगहों में से एक, मैकमुर्डोज़ ड्राय वैली में है। यहां पर शायद ही कभी बारिश होती होगी। ये बिल्कुल सूखी जगह है, जहां पर 321 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से हवाएं चलती हैं। हैरानी ये भी है कि अंटार्कटिका में होने के बावजूद यहां पर बर्फ नहीं पड़ती। इस जगह के आसपास के तालाब ठंड में जम जाते हैं और उनके ऊपर मोटी बर्फ जम जाती है। पर डॉन जुआन पॉन्ड शायद ही कभी जमता होगा। इसका कारण है कि इसमें बहुत ज्यादा मात्रा में केल्शियम क्लोराइड सॉल्ट है जो पानी के फ्रीज़िंग पॉइंट को नीचे कर देता है और बर्फ नहीं जमने देता। सालों तक वैज्ञानिकों को यही लगता रहा कि ये तालाब ग्राउंडवॉटर से भरा है, जो नीचे आ रहा है। पर 10 साल पहले ब्राउन यूनिवर्सिटी के रिसर्चर्स ने खोजा कि ये नमकीन पानी अधिकतर हवा से आता है। उन्होंने कैमरे लगाकर ये दिखाया कि मिट्टी में जो नमक मौजूद है, वो हवा से नमी को सोखता है। इस प्रोसेस को तरलीकरण कहते हैं। ये नमकीन पानी फिर धीरे-धीरे तालाब में जाने लगता है और पिघली हुई बर्फ के साथ मिल जाता है। सबसे रोचक बात ये भी है कि वैज्ञानिकों को इतनी दुर्गम स्थिति में भी जीव-जंतुओं के सबूत मिले हैं। इस वजह से उनका मानना है कि अगर यहां पर जीवन होने की संभावना है तो फिर मार्स ग्रह पर भी होगी, जहां की परिस्थितियां यहां के जैसी ही हैं।



## न्यूज विंडो

### कार चालक ने प्राचार्य से गढ़े धन के लालच में ठगे 1.04 करोड़, गिरफ्तार

**नर्मदापुरम।** शहर के मदन कॉलोनी निवासी डॉ. राकेश वर्मा, जो डोलरिया सरकारी कॉलेज के प्राचार्य हैं, उनके ही कार चालक अंकित शर्मा ने गढ़े हुए धन और सोने की कथित पोटली का लालच देकर 1 करोड़ 4 लाख रुपये ठग लिए। पैसे देने के बाद भी आरोपी उन्हें लगातार धमकाता रहा। तंग आकर प्राचार्य ने कोतवाली थाने में शिकायत दर्ज कराई, जिसके बाद पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। अभी तक ठगे गए पैसे वापस नहीं मिले हैं। कोतवाली थाना प्रभारी कंचन ठाकुर के अनुसार फरियादी राकेश कुमार वर्मा ने 17 फरवरी को रिपोर्ट दर्ज कराई। आरोपी अंकित शर्मा (निवासी आदर्श नगर आईटीआई, नर्मदापुरम) ने माया निकालने के नाम पर नगद, ऑनलाइन ट्रांसफर और गोल्ड लोन के जरिए यह रकम वसूली। उसने कहा, ÷तुम्हारे घर में माया है, उज्जैन के महाराज इसे निकाल देंगे। पहले 2 लाख रुपये लिए फिर कालिका नगर स्थित मकान में खुदाई कर लाल पोटली लाकर दी और कहा, इसमें 5-7 लाख का सोना है, घर में रख लो। पुलिस को पता चला तो जेल हो जाएगी। 8 दिन बाद अंकित लौटा और नई कहानी गढ़ी। पुलिस को इसकी भनक लग गई है, मैंने नकली राकेश वर्मा खड़ा कर आपको बचा लिया। पैसे दो। फिर बोला महाराज की हत्या हो गई, उससे बचने के लिए पैसे दो। इस तरह झूठी-झूठी कहानियां बनाकर लगातार पैसे ऐंठते रहे। आखिरकार प्राचार्य ने हिम्मत जुटाई और धोखाधड़ी का केस दर्ज कराया।

### बटुकों की मुस्कान के लिए आगे आए तिवारी वेदांत आश्रम में सौंपा 50 हजार रुपए का चैक



**गंजबासौदा।** जीवाजीपुर स्थित वेदांत आश्रम परिसर में संचालित संत जगन्नाथ दास संस्कृत विद्यालय के बटुक छात्रों की वार्षिक फीस हेतु वरिष्ठ भाजपा नेता एवं पूर्व केंद्रीय मंत्री विश्व हिंदू परिषद राजेश तिवारी ने 50 हजार रुपये का चैक आश्रम के महंत हरिहर दास महाराज को भेंट किया। तिवारी प्रतिवर्ष आश्रम में अध्ययनरत बटुकों की संपूर्ण फीस की राशि प्रदान करते आ रहे हैं। उन्होंने आश्रम पहुंचकर परंपरा का निर्वहन करते हुए चैक सौंपा तथा विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की। महंत हरिहर दास महाराज ने बताया कि आश्रम में अध्ययनरत अनेक छात्र आर्थिक रूप से कमजोर परिवारों से हैं। तिवारी के सहयोग से उनकी शिक्षा बिना किसी बाधा के जारी रहती है। उन्होंने इस सहयोग को संस्कृत शिक्षा के प्रति समर्पण का उदाहरण बताया। आश्रम प्रबंधन एवं विद्यार्थियों ने तिवारी के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि उनके निरंतर सहयोग से गुरुकुल परंपरा को मजबूती मिल रही है।

### नर्मदा परिक्रमा 20 फरवरी को, सेठानीघाट से रवानगी, पहले दिन ओंकारेश्वर में ठहराव

**नर्मदापुरम।** नर्मदा परिक्रमा का विशाल जत्था 20 फरवरी को सेठानीघाट से मां नर्मदा का विधि-विधान से पूजन कर रवाना होगा। पूजन के बाद सेठानीघाट से काली मंदिर सतरास्ता तक भव्य शोभायात्रा निकाली जाएगी। आचार्य पं. सोमेश परसाई ने बताया कि इस यात्रा में 100 भक्त शामिल हो रहे हैं, जिसमें सोहागपुर विधायक विजयपाल सिंह भी हैं।हर दिन का विस्तृत कार्यक्रम तैयार है। पहले दिन यात्रा ओंकारेश्वर में रुकेगी। अगले पांच दिनों में गुजरात तक पहुंचकर मध्यप्रदेश की सीमा में लौट आएंगे। अमरकंटक में दो दिन ठहराव होगा। यात्रा का समापन नर्मदापुरम में ही होगा। हर पड़ाव पर मां नर्मदा का जलाभिषेक और कन्यापूजन होगा।



#### कन्याकुमारी से कश्मीर तक निकाली जा रही किसान जागृति यात्रा पहुंची इटारसी

# हम आपको दिल्ली ले जाने आए हैं, हमारी लड़ाई आने वाले भविष्य को बचाने की है- जगजीत सिंह डल्लेवाल



**नर्मदापुरम। इटारसी**

संयुक्त किसान मोर्चा के तत्वावधान में कन्याकुमारी से कश्मीर तक निकाली जा रही किसान जागृति यात्रा गत दिवस जयस्तंभ चौक पहुंची। यात्रा के नेतृत्व कर रहे सयुंक्त किसान मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जगजीत सिंह डल्लेवाल ने सभा को सम्बोधित करते हुए कहा कि कर्ज के बोझ तले दबे सात लाख किसानों ने आत्महत्या कर ली है। उन्होंने एमएसपी कानून लागू करने की मांग उठाई, ताकि भविष्य में कोई किसान आत्महत्या न करे।

डल्लेवाल ने भावुक अंदाज में कहा कि कर्ज के कारण किसान आत्महत्या कर रहा है। जिनका बाप नहीं होता, उनके बच्चों के तन पर कपड़े नहीं होते। बच्चों के लिए मां को हाथ फैलाना



पड़ता है और न जाने क्या-क्या करना पड़ता है। हम नहीं चाहते कि किसी भी महिला को ऐसा कुछ करना पड़े। उन्होंने कहा कि आत्महत्याओं को रोकने के लिए बड़े आंदोलन की जरूरत है। लेकिन सरकार आंदोलन करने पर खालिस्तानी का ठप्पा लगा देती है। डल्लेवाल ने कहा मैं आपको खालिस्तानी नजर आ रहा हूं? नहीं ना... किसान नजर आ रहा हूं। यह लड़ाई आने वाली पीढ़ी को बचाने की है। हम अपने पोते को जिंदा रखने के लिए दिल्ली जा रहे हैं। जितने किसान पंजाब से आएंगे, उतने मप्र से भी आएंगे तो सरकार को मालूम चलेगा कि यह पूरे देश के किसानों की लड़ाई है। किसान नेता जगजीत सिंह डल्लेवाल ने अमेरिका में होने वाली जीएम क्रॉप (जेनेटिकली मॉडिफाइड) फसलों का हवाला देते हुए कहा कि खतरनाक अनाज बाहर से आएगा तो कैंसर होगा और वातावरण बिगड़ेगा। यह किसान अकेले के मुद्दे नहीं, पूरे देश के लोग दिल्ली की तरफ कूच करें, हमारा साथ दें। हर घर से एक भाई, एक बहन निकले। ज्यादा से ज्यादा क्या होगा, सरकार जेल भेज देगी। हम आपको दिल्ली ले जाने के लिए आए हैं, पैसे लेने नहीं।

#### सत्ता में आते ही 180 डिग्री का यू-टर्न ले लेते हैं: कोहार

किसान नेता अभिमन्यु कोहार ने कहा कि देश का दुर्भाग्य है कि राजनीतिक दल विपक्ष में किसानों के लिए लड़ाई लड़ते हैं उनके हक कि बात करते है लेकिन सत्ता में आते ही 180 डिग्री का यू-टर्न ले लेते हैं। उन्होंने कहा कि मुख्य व्यापार समझौता अमेरिका के दबाव में हो रहा है। कोहार ने सरकार के मंत्रियों को खुले मंच पर बहस की चुनौती दी। लोगों ने आपको चुनकर भेजा है देशहित के लिए, आप देश के मालिक नहीं हैं। देश के हितों से समझौता नहीं होने देंगे।卐 पीएम पर निशाना साधते हुए बोले- पीएम बनने से पहले जो वादे मोदी जी ने किए थे, सत्ता में आते ही भूल गए। स्वामीनाथन आयोग की रिपोर्ट लागू नहीं की। रैली में आए अन्य किसान नेताओं इंद्रजीत पन्नीवाला, सोनू ओलकर, ब्रज मोहन पटेल ने भी सभा को सम्बोधित किया। नर्मदापुरम जिले से किसान जनजागृति यात्रा में अरुण पटेल, संतोष नागर, ब्रजेश चौरे और मोनिश राजपूत को मंच पर माला पहनाकर सम्मानित किया गया। रोहना के किसान विनीत सिंह चौहान ने यात्रा के सहयोग के लिये 11 हजार रूपये का लिफाफा किसान नेता डल्लेवाल को सौपा। सभा का आभार प्रदर्शन क्रांतिकारी किसान मजदूर संगठन के जिला अध्यक्ष हरपाल सिंह सोलंकी ने किया। इस अवसर पर रूपेंद्र सिंह, केशव साहू, देवेंद्र पटेल सहित बड़ी संख्या में किसान और महिलाएं मौजूद रहीं।

#### कांग्रेस ने नपा कार्यालय में ढोल बजाकर अधिकारियों को जगाने का किया प्रयास

## नपा के शौचालय निर्माण में भ्रष्टाचार पर कांग्रेस का जोरदार प्रदर्शन, उपयंत्री पर सांठगांठ का आरोप

**मंडीदीप। दोपहर मेट्रो**




औद्योगिक शहर में नगर पालिका द्वारा वार्ड 8 और 12 में करीब 90 लाख रुपये की लागत से बनाए जा रहे सुलभ शौचालयों में गुणवत्ता की कमी और कथित भ्रष्टाचार को लेकर कांग्रेस पार्टी ने गत दिवस जोरदार विरोध प्रदर्शन किया। ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के नेतृत्व में बड़ी संख्या में पार्टी कार्यकर्ता नपा कार्यालय पहुंचे और सोए हुए अधिकारियों को जगाने के लिए ढोल बजाकर हंगामा किया।

प्रदर्शनकारियों ने नपा सीएमओ को एक ज्ञापन सौंपा, जिसमें वार्ड 8 एवं 12 के शौचालय निर्माण कार्यों में तकनीकी खामियों की बात कही गई है। कांग्रेस ने विशेष रूप से नपा उपयंत्री सतीश उजालिया पर निर्माण एजेंसी के साथ मिलीभगत कर घटिया सामग्री से काम कराने और व्यक्तिगत लाभ पहुंचाने का गंभीर आरोप लगाया है। ज्ञापन में मांग की गई है कि इन निर्माण कार्यों की उच्च स्तरीय जांच कराई जाए, दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई हो और जनता के पैसे की बर्बादी रोकी जाए। उल्लेखनीय है कि दोपहर मेट्रो ने पहले ही इन शौचालयों में गुणवत्ता मानकों के उल्लंघन को लेकर विस्तृत खबर प्रकाशित की थी, जिसके बाद कांग्रेस ने यह कदम उठाया। प्रदर्शन में प्रमुख रूप से दीपेश मारण, अनूप पाल, राममणी द्विवेदी, गणेश शर्मा, मनीष मालवीय, अशोक लोवंशी, वीरेंद्र मीणा, संजय राजपूत सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता मौजूद रहे। वरिष्ठ कांग्रेस नेता दीपेश मारण ने कहा कि नपा प्रशासन की लापरवाही और कथित मिलीभगत से जनता का पैसा बर्बाद हो रहा है,स्थिति की गंभीरता को देखते हुए जांच की मांग की गई है। मंडीदीप प्रशांत जैन ने कहा कि कांग्रेस द्वारा सौपे गये ज्ञापन के सभी बिंदुओं पर जांच कराई जाएगी। जहां कमी होगी वहां नियमानुसार कार्रवाई करेंगे।

## लाइब्रेरी में पेयजल व्यवस्था बंद, बच्चे खरीदकर पी रहे पानी

**मंडीदीप। दोपहर मेट्रो**

नपा द्वारा वार्ड 03 पुराने पंचायत भवन संचालित लाइब्रेरी में पांच दिनों से पानी की सप्लाई बंद है। इसके चलते यहां पढ़ाई करने आने वाले बच्चों को साथ घर से पानी को बॉटल लानी पढ़ रही है, इसके अलावा कई बच्चे बाजार से महंगी पानी को बॉटल खरीदकर पानी पीने के लिए मजबूर हो रहे हैं। नपा द्वारा करीब एक दशक पहले शुरू की गई लाइब्रेरी में पिछले 5 दिनों से पानी की सप्लाई पूरी तरह बंद है। यहां रोजाना 50 से अधिक बच्चे पढ़ने आते हैं। कमाल की बात यह कि लाइब्रेरी में न केवल पानी की समस्या है, बल्कि आवश्यक किताबों की भारी कमी भी बनी हुई है। जानकारी के अनुसार नपा ने पानी के कैंपर सप्लाई करने वाली संस्था को पिछले कई महीनों से भुगतान नहीं किया है, जिसके चलते संस्था ने लाइब्रेरी में पानी की सप्लाई रोक दी है। लाइब्रेरी प्रभारी प्रेम नारायण शर्मा ने बताया कि यह सही है कि लाइब्रेरी में पिछले कुछ दिनों से पानी की सप्लाई नहीं हो पा रही है, लेकिन कल से पानी सप्लाई ओर सफाई की व्यवस्थि सुचारु रूप से हो जाएगी।

## सकुशल मिला बिछड़ा नाबालिक, छलके खुशी के आंसू

**गंजबासौदा। दोपहर मेट्रो**

आठ वर्षों की लंबी प्रतीक्षा, अनगिनत रातों की बेचैनी और हर दस्तक पर जागती उम्मीदों को आखिरकार साकार रूप मिला। ऑपरेशन मुस्कान के तहत शहर थाना पुलिस ने वर्ष 2019 से लापता नाबालिक बालक को जयपुर (राजस्थान) से सकुशल दस्तयाब कर परिजनों से मिलाया। बालक के घर लौटते ही परिवार की आंखों से खुशी के आंसू छलक पड़े और पूरे मोहल्ले में भावुक माहौल बन गया। पुलिस अधीक्षक रोहित काशवानी के निर्देशन में जिलेभर में गुमशुदा एवं अपहृत बालक-बालिकाओं की तलाश के लिए विशेष अभियान संचालित किया जा रहा है। इसी क्रम में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक डॉ. प्रशांत चौबे एवं एसडीओपी शिखा भलावी के मार्गदर्शन में विशेष टीम गठित की गई, जिसने लगातार प्रयास, तकनीकी साक्ष्यों के विश्लेषण और संवेदनशील कार्यशैली के माध्यम से बालक की पतारसी कर उसे सुरक्षित दस्तयाब किया। थाना प्रभारी निरीक्षक संजय बेदिया के नेतृत्व में टीम ने जयपुर से बालक को सकुशल बरामद किया।

## भार्गव परिवार ने अपने पिता की स्मृति में मोक्षधाम समिति को दान किया शव फ्रीजर



**सिरोंज। दोपहर मेट्रो**

नगर के व्यवसायी योगेश भार्गव परिवार ने अपने पिता की स्मृति में नगर की मोक्षधाम सेवा समिति को शव रखने का फ्रीजर भेंट किया। उल्लेखनीय है कि विगत माह पूर्व मदनमोहन पथ पर रहने वाले वरिष्ठ समाजसेवी एवं व्यवसायी राजेंद्र प्रसाद भार्गव का देहावसान हो गया था। उनकी अंत्येष्टि के दौरान मोक्षधाम सेवा समिति के द्वारा लटेरी रोड स्थित मुक्तिधाम परिसर के सुधार के लिए किए जा रहे प्रयासों से प्रेरणा लेते हुए पिताजी की स्मृति में शव रखने का फ्रीजर समिति को दान करने की घोषणा की थी। जिसके फलस्वरूप उनकी छहमासी पर भार्गव परिवार ने मोक्षधाम समिति को बुलाकर समाज के उपयोग आने वाला शव फ्रीजर भेंट किया। इस अवसर पर मौजूद नपाध्यक्ष मनमोहन साहू एवं समिति सदस्यों ने भार्गव परिवार के परिजनों का आभार व्यक्त किए। इस अवसर पर प्रमुख रूप से नपा सीएमओ रामप्रकाश साहू,गोपेश भार्गव, देवेश भार्गव,हर्षित भार्गव,मोक्षधाम समिति के सदस्य राहुल गर्ग,शेर सिंह भदौरिया,श्याम कुमार साहू मौजूद रहे।


भारतीय खेल प्राधिकरण
SPORTS AUTHORITY OF INDIA
भारत सरकार / GOVERNMENT OF INDIA
खेल विभाग / DEPARTMENT OF SPORTS
(युवा कार्यक्रम और खेल मंत्रालय के तहत एक स्वायत्त निकाय)
(An Autonomous Body under Ministry of Youth Affairs and Sports)
(मानव संसाधन प्रभाग-II / Human Resources Division -II)

JN Stadium Complex East Gate. No. 10,
Lodhi Road, CGO Complex,
New Delhi-110003 East Gate. No. 10

एफ.सं. 01-04001 (01) / 3 / 2025-एचओ - कार्मिक प्रभाग दिनांक : 09-02-2026
F. No. 01-04001(01)/3/2025-HO - Personnel Division Date: 09-02-2026

अधिसूचना
NOTIFICATION

**कनिष्ठ अभियंता के पद पर भर्ती खेल उत्कृष्टता के लिए भारत की खोज का हिस्सा बनने का अवसर।**
भारतीय खेल प्राधिकरण (स्पोर्ट्स अथॉरिटी ऑफ इंडिया - SAI ), युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय, भारत सरकार के अधीन एक स्वायत्तशासी संगठन, कनिष्ठ अभियंता के 03 पदों (01- अनारक्षित (UR).01-अन्य पिछड़ा वर्ग (OBC) एवं 01-अनुसूचित जाति (SC) को नियमित आधार पर पे मैट्रिक्स लेवल-06 (7वां केन्द्रीय वेतन आयोग) में, दिनांक 16.07.2025 की अधिसूचना के क्रम में, कर्मचारी चयन आयोग (SSC) द्वारा जारी 'PUBLIC DISCLOSURE OF SCORES, Junior Engineer Examination, 2023' के आधार पर, पात्र अभ्यर्थियों से ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित करता है। अभ्यर्थी, एसएससी की पब्लिक डिस्क्लोज़र सूची में उल्लिखित उसी ई-मेल आईडी का उपयोग करते हुए भारतीय खेल प्राधिकरण (SAI) के ई-पोर्टल के माध्यम से आवेदन कर सकते हैं। यदि किसी अभ्यर्थी की ई- मेल आईडी परिवर्तित हो गई है अथवा कार्यशील नहीं है, तो वे 'Updation of Email ID for Junior Engineer Application Public Disclosure List' विषय पंक्ति के साथ recruitment.cell.sai@gov.in एवं itdivisionhq-sai@gov.in पर ई-मेल भेज सकते हैं। अभ्यर्थियों को सलाह दी जाती है कि ऑनलाइन आवेदन प्रस्तुत करने से पूर्व भारतीय खेल प्राधिकरण (SAI) की वेबसाइट तथा युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय (MYA&S) की वेबसाइट पर उपलब्ध विस्तृत अधिसूचना का सावधानीपूर्वक अवलोकन कर लें। आवेदन करने हेतु आमंत्रण मात्र से अभ्यर्थिता की अंतिम स्वीकृति नहीं मानी जाएगी। ऑनलाइन आवेदन अवधिः 11.02.2026 (प्रातः 10:00 बजे) से 26.02.2026 (सायं 05:00 बजे) तक
किसी भी स्पष्टीकरण हेतुः recruitment.cell.sai@gov.in

**cbc 47103/12/0018/2526**


## मेट्रो एंकर — बदले मौसम ने बढ़ाई अन्नदाताओं की धड़कनें

# आसमान में छाए काले बादल, बारिश की आशंका से किसानों की उड़ी नींद



**गंजबासौदा। दोपहर मेट्रो**

अचानक बदले मौसम ने अन्नदाताओं की चिंताओं को गहरा दिया है। आसमान में घिरते बादल और मौसम विभाग द्वारा बारिश की संभावना व्यक्त किए जाने से किसान असमंजस की स्थिति में हैं। खेतों से लेकर खलिहानों तक हर ओर चिंता का माहौल दिखाई दे रहा है।

क्षेत्र में कई किसानों की फसल पककर तैयार हो चुकी है, तो कई किसानों ने कटाई कर फसल खेतों में ही सुखाने के लिए रखी है। वहीं कई किसानों फसल कटने की कगार पर खड़ी है। ऐसे समय में यदि वर्षा होती है तो न केवल तैयार फसल को नुकसान होगा, बल्कि खेतों में रखी कटी फसल भी भीगकर खराब हो सकती है। इससे उत्पादन और गुणवत्ता दोनों पर प्रतिकूल असर पड़ने की आशंका है। किसानों का कहना है कि पूरे सीजन की मेहनत दांव पर लगी हुई है। दिन-रात की कड़ी मेहनत और लागत के बाद यदि बेमौसम बारिश होती है तो आर्थिक संकट और गहरा सकता है। पहले ही बढ़ती लागत और बाजार की अनिश्चितता से जूझ रहे अन्नदाता अब मौसम की मार से चिंतित हैं। मौसम में अचानक आए इस बदलाव ने किसानों की धड़कनें तेज कर दी हैं। हालांकि कहीं कहीं क्षेत्र में बूंदाबांदी हुई हैं। सभी की निगाहें अब आसमान पर टिकी हैं। किसानों का कहना हैं कि कई किसानों की मसूर, तेवड़ा, बटरा, धना, सरसों, चना ये फसलें आ चुकी है। वहीं किसानों ने मौसम को देखते हुए कटी हुई फसल की थ्रेसिंग शुरू कर दी है।


**कार्यालय कार्यपालन यंत्री, (वि. / यॉ.)**
**लोक निर्माण विभाग, वि. / यॉ. संभाग क्र. -2, बारह दफ्तर परिसर, जवाहर चौक, भोपाल (म.प्र.)**
**निविदा सूचना**

सूचना प्रकाशन क्रमांक. 34 / व.ले. लि. / 2025-26 भोपाल, दिनांक : 11/02/2026

निम्नलिखित कार्यो हेतु निविदायें आमंत्रित की जाती है। उल्लेखित कार्य का विस्तृत विवरण वेबसाइट www.mptenders.gov.in पर देखा जा सकता है।

| क्र. | पोर्टल टेंडर क्र. | एन.आई.टी. क्र. | कार्य का नाम | आमंत्रण क्र. | ठेके की अनु. राशि | धरोहर राशि | निविदा राशि |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2026_PWDRB_481804_1 | 59/SAC/2025-26 | सप्लाय इन्टालेशन टेस्टिंग एवं कमिशनिंग ऑफ स्पिलिट एसी 2 टन, बैट्री, पी.वी.सी. बॉडी डिसर्ट कूलर / विंडो कूलर एट रेस्ट हाउस बिल्डिंग इटारसी, सिवनी मालवा एवं आवली घाट जिला नर्मदापुरम | द्वितीय आमंत्रण | 489676.00 | 9794.00 | 2000.00 |
| 2 | 2026_PWDRB_481805_1 | 60/SAC/2025-26 | प्रोवाईडिंग विद्युतीकरण कार्य एट राजभवन, ओल्ड होटल, मधुवन बंगला पंचमढी जिला नर्मदापुरम | द्वितीय आमंत्रण | 431574.00 | 8631.00 | 2000.00 |
| 3 | 2026_PWDRB_481806_1 | 49/SAC/2025-26 | एस / आर एवं आर / आर विद्युतीकरण कार्य इन कोर्ट बिल्डिंग इटारसी जिला नर्मदापुरम | तृतीय आमंत्रण | 422091.00 | 8442.00 | 2000.00 |
| 4 | 2026_PWDRB_481807_1 | 50/SAC/2025-26 | एस / आर आर. आर विद्युतीकरण कार्य ओल्ड होटल रूम नं. 1,2,3 एयर कंडिशनर एवं गीजर पंचमढ़ी जिला नर्मदापुरम | तृतीय आमंत्रण | 336006.00 | 6720.00 | 2000.00 |
| 5 | 2026_PWDRB_481808_1 | 55/SAC/2025-26 | प्रोवाईडिंग बैटरी इन लो.नि.वि. सर्किट हाउस विदिशा जिला विदिशा | तृतीय आमंत्रण | 101832.00 | 2037.00 | 1000.00 |
| | | योगः- | | | 1781179.00 | | |

**नोटः-** निविदा विक्रय दिनांक 11/02/2026 प्रातः 10:30 बजे से निविदा विक्रय अंतिम दिनांक 27/02/2026 सांय 5:30 बजे तक एवं समस्त दस्तावेज ऑनलाईन प्रस्तुत करना है। निविदा की निर्धारित तिथियों में या अन्य किसी भी प्रकार का परिवर्तन होने पर उसे उपरोक्त वेबसाईट पर देखा जा सकता है। विस्तृत एन.आई.टी. एवं अन्य जानकारी उपरोक्त वेबसाईट पर देखी जा सकती हैं।

G-26013/25

(इंजी. हिमांशु उपाध्याय) कार्यपालन यंत्री
लो.नि.वि. (वि./यां.) संभाग क्र. 02 भोपाल

# चूना खदान सर्वे को लेकर ग्रामीणों ने जताया विरोध, पुलिस पर किया पथराव

## वाहनों के कांच फोडे, खाली हाथ लौटी टीम, जयस ने भी दी चेतावनी

**धार। दोपहर मेट्रो**

जिले की कुक्षी तहसील में प्रशासनिक टीम पर हमला हो गया हैं, यहां पर चुना खदान को लेकर सर्वे सहित ड्रिलिंग कार्य की शुरुआत करने के लिए कंपनी सहित प्रशासन की एक टीम ग्राम तलवाड़ी में दोपहर के समय पहुंची थी। सूचना के बाद बडी संख्यान में ग्रामीण एकत्रित हुए व सर्वे का विरोध शुरु कर दिया। ग्रामीणों की भीड़ आक्रोशित हो गई तथा मशीनों में तोडफोड शुरु कर दी। प्रशासन की टीम ने समझाइश की कोशिश की, किंतु ग्रामीणों का विरोध ने थोड़ी देर में ही विकराल रुप ले लिया। अचानक बड़ी संख्या में ग्रामीण एकत्रित हुए व वाहनों पर पथराव कर दिया। राजस्व विभाग की एक गाड़ी पर पथराव के कारण कांच क्षतिग्रस्त हो गया था, जिसके कारण विभाग का अमला वाहन को छोड़कर ही मौके से भाग निकले। ग्रामीणों द्वारा किए गए पथराव के वीडियो भी सोशल मीडिया पर वायरल हो गए, जिसमें पुलिस जवान अपनी जान बचाकर भागते हुए नजर आ रहे है। खबर लिखे जाने तक पुलिस ने कोई प्रकरण दर्ज नहीं किया है। दरअसल राजस्थाछन की श्री सीमेंट कंपनी द्वारा लाइम स्टोन खोज कार्य की शुरुआत बाग ब्लॉक के ग्राम टकारी से की गई थी, कंपनी से जुडे लोग ग्रामीण क्षेत्रों की जमीन की सैपलिंग के लिए पहुंची थी। कंपनी से जुडे लोगों ने गांव की जमीन पर मशीनें लगाकर सर्वे शुरु करने की तैयारी की, इसी बीच ग्रामीण मौके पर पहुंचे व सर्वे का विरोध करने लगे। ग्रामीणों का आरोप था कि ग्रामसभा की अनुमति लिए बगैर की कंपनी जबरदस्तीग काम शुरु कर रही हैं, इधर विरोध के बाद कंपनी के लोग वाहनों को मौके पर ही छोडकर गांव से दूर हो गए। विरोध की सूचना पर तहसीलदार सहित कुक्षी पुलिस टीम मौके पर पहुंची थी।




## पिछले कई महीनों से चल रहा है विरोध

जिले के कुक्षी, बाग और आलीराजपुर जिले के जोबट ब्लॉक के कई गांवों में चूना पत्थर की खोज का विरोध पिछले कई महीनों से चल रहा है। पिछले महीने हुए चक्काजाम के बाद प्रशासन ने शांति का आश्वासन दिया था, लेकिन पुन बवाल हो गया। ग्रामीण किसी भी कीमत पर अपनी जमीन कंपनी को देने के लिए तैयार नहीं हैं। ग्रामीणों के आक्रोश के आगे प्रशासन को झुकना पड़ा और बिना कार्य किए ही वापस लौटना पड़ा। इस दौरान हुई पत्थरबाजी में पुलिस और प्रशासन के कई वाहन क्षतिग्रस्त हो गए हैं। घंटों चली गहमागहमी के बाद पूरी टीम को ग्राम खेड़ली से खाली हाथ लौटना पड़ा। कुक्षी एसडीएम प्रमोद गुर्जर कि कुक्षी डिवीजन के ग्राम खेडली में कंपनी द्वारा सैंपलिंग कार्य किया जा रहा था, नियम अनुसार सैपलिंग हो रही थी। आसपास गांवों के ग्रामीण एकत्रित हुए थे, प्रशासन की टीम मौके पर पहुंची व ग्रामीणों को समझाईश दी गई। ग्रामीणों को लिखित में आपत्ति देने के लिए कहा गया हैं, जिस स्थान से निराकरण संभव होगा, वहां से निराकरण करया जाएगा। शांति व्यवस्था बनाए रखने का प्रयास किया गया हैं, कोई जनहानि नहीं हुई है।

### नदियों की स्वच्छता को लेकर मंडीदीप नपा का दोहरा चेहरा

# जल गंगा मिशन को पलीता... बेतवा में डंप कर रहे कचरा

**अजय आहूजा। मंडीदीप**



औद्योगिक शहर में नदियों की स्वच्छता को लेकर नगर पालिका का दोहरा चेहरा सामने आया है। नपा द्वारा एक तरफ बेतवा की सहायक कालियासोत नदी में स्वच्छता अभियान चलाकर केंद्रीय दल और जिला प्रशासन को प्रभावित करने की कोशिश की जा रही है, वहीं दूसरी ओर नयापुरा गांव के पास वेतवा नदी किनारे प्रतिदिन शहर से निकलने वाला पूरा कचरा डंप किया जा रहा है। इससे नदी सीधे प्रदूषित हो रही है और पर्यावरण को गहरा नुकसान पहुंच रहा है।

नपा की यह स्थिति उस समय सामने आई है जब गंगा वेसिन की प्रमुख नदी वेतवा की निर्मलता और प्रदूषण मुक्ति के लिए केंद्र सरकार के जल गंगा मिशन के तहत सक्रिय है। वेतवा का सर्वे करने केंद्रीय दल दो बार मंडीदीप एवं वेतवा उदगम स्थल पहुंचकर नदी की स्थिति का जायजा ले चुका है और प्रदूषण मुक्त बनाने की कार्ययोजना बना रहा है। दल ने इस दौरान नदियों मिल रहे आपशिष्ट एवं जलकुम्भी को लेकर नगर पालिका और प्रदूषण नियंत्रण मंडल के अधिकारियों को फटकार भी लगाई थी, लेकिन बावजूद इसके नगर पालिका का रवैया दोहरा नजर आ रहा है।

नदियों की स्वच्छता को लेकर स्थानीय प्रशासन गंभीर नहीं है, एक तरफ कालियासोत में सफाई अभियान ओर दूसरी तरफ वेतवा में कचरा डंप करने से नदी प्रदूषित हो रही है। **–गणेश शर्मा**, पर्यावरण प्रेमी, मंडीदीप

नपा द्वारा नदी में नहीं बल्कि एक खंती में कचरा डंप किया जा रहा था, जल्द यहां स्वच्छता अभियान शुरू किया जाएगा। **–जावेद खान**, स्वच्छता प्रभारी नपा।

'बेतवा नदी के पास शहर के कचरे को डंप करना गंभीर मामला है, मै इसे सीएमओ से बात करके तत्काल रुकवाता हूं। **–सीएस श्रीवास्तव**, एसडीएम गोहरगंज।

### पीसीबी की लापरवाही भी कम नहीं

बेतवा नदी में मंडदेहरी गांव के पास उद्योगों से निकलने वाला बेस्ट (अपशिष्ट) सीधे नदी में छोड़ा जा रहा है। पीसीबी अधिकारियों का दावा है कि उन्होंने उद्योगों को नोटिस जारी किए हैं, लेकिन अब तक किसी कारखाने पर कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई है। नतीजा यह कि जहरीला पानी बिना रुकावट नदी में जा रहा है, जिससे जल गुणवत्ता लगातार बिगड़ रही है।

### एनजीटी के आदेश की नहीं परवाह

नगरपालिका द्वारा खुले में कचरा डंप करने पर एनजीटी (राष्ट्रीय हरित अधिकरण) पहले ही जुर्माना लगा चुका है और लैंडफिल साइट न बनने पर सवाल उठा चुका है। रिपोर्टर्स में साफ है कि अवैज्ञानिक तरीके से कचरा डंप होने से भूजल और आसपास की नदियां दूषित हो रही हैं। स्थानीय निवासी और पर्यावरण प्रेमी इसे गंभीर चिंता का विषय मान रहे हैं।

## तेज रफ्तार कार अनियंत्रित होकर खाई में उतरी, पत्थरों से टकराकर हुई क्षतिग्रस्त

**तेन्दूखेड़ा। दोपहर मेट्रो।** गत दिवस थाना क्षेत्र के अंतर्गत दमोह तेन्दूखेड़ा मार्ग पर बम्हौरी डिपो के समीप एक तेज रफ्तार कार अनियंत्रित होकर सड़क छोड़ खाई में जा पहुंची। इस हादसे सभी सुरक्षित हैं। जानकारी अनुसार जबलपुर निवासी अनिल जैन अपने साथियों के साथ दमोह से जबलपुर जा रहे थे, लेकिन जैसे ही वह पिंडरई बम्हौरी के बीच पहुंचे तो अचानक कार अनियंत्रित हो गई और खाई में जा पहुंची और पत्थरों से जा टकराई।


## कार्यालय नगर पालिक, निगम भोपाल

**यांत्रिक विभाग जोन क्रं.- 21**

**निविदा आमंत्रण घोषणा-पत्र**

क्रमांक.... 44.... यां.वि./2026 भोपाल, दिनांक 18/2/2026

निम्नलिखित निर्माण कार्य हेतु दो लिफाफा पद्धति के अनुसार म.प्र. लोक निर्माण विभाग में केंद्रीयकृत व्यवस्था के अंतर्गत पंजीकृत ठेकेदार पर्सेंटेज मोहरबंद निविदायें निर्धारित प्रपत्र पर आनलाईन आमंत्रीत की जाती है।

| क्र. | | कार्य का नाम | अनुमानित राशि | धरोहर राशि | प्रपत्र राशि | ठेकेदार श्रेणी पी.डब्ल्यू डी पंजीकरण | कार्य हेतु निर्धारित एस.ओ.आर. | कार्य की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 01 | 2026_UAD _479054_2 | CONSTRUCTION OF SHED AND PROVIDING AND FIXING C.I.BENCHES NEAR MPEB OFFICE, SHYAMLA HILLS WARD 24 ZONE 21 | 2,42,467/- | 2,425/- | 2000 | C" class asper centralized registrantion system of mppwd | MPUADD BUILDING ISSR 2021 AND NON SOR ITEM | 02 माह |
| 02 | 2026_UAD _478961_2 | CONSTRUCTION OF SHED INFRONT OF SHYAMLA HILLS POLICE STATION WARD 24 ZONE 21 | 127691.00/- | 2,554/- | 1000 | C" class asper centralized registration system of mppwd | MPUADD BUILDING ISSR 2021 | 01 माह |

Interested bidders can view the NIT on website http://www.mptender.gov.in/ The Bid Document can be purechased only online from 11.00 (Time) (19.02.2026) to 17.30 P.M. (25.02.2026) A mendments to Nit, if any, would be published on website http://www.mptenders.gov.in/ only, and not in newspaper.

नि.क्र. 3170/025/026

सहायक यंत्री (सिविल)
जोन क्रं. - 21 नगर निगम, भोपाल


## मजदूरों से भरी पिकअप पलटी, तीन गंभीर

**धार। दोपहर मेट्रो**



जिले की धरमपुरी तहसील के ग्राम धामनोद क्षेत्र में खलघाट-सुंद्रेल मार्ग पर तेज रफ्तार पिकअप वाहन अनियंत्रित होकर पलट गया। वाहन में 9 मजदूर सवार थे, जिसमें से तीन लोगों को गंभीर चोट आई हैं। हादसे की सूचना मिलने पर पुलिस टीम मौके पर पहुंच गई थी।

धामनोद थाना क्षेत्र में बुधवार दोपहर करीब 3 बजे एक सड़क हादसा हुआ। बालसमूद से सुंदरेल की ओर केले भरने जा रही मजदूरों से भरी एक पिकअप वाहन अनियंत्रित होकर पलट गई। यह घटना धामनोद के समीप खलघाट-सुंदरेल मोड़ के पास हुई। हादसे के वक्त वाहन में कुल नौ मजदूर सवार थे। प्रारंभिक जानकारी के अनुसार, वाहन चालक तेज गति से गाड़ी चला रहा था। मोड़ पर संतुलन बिगड़ने के कारण पिकअप पलट गई। दुर्घटना के बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई। स्थानीय लोगों की सूचना पर 108 एंबुलेंस तुरंत मौके पर पहुंची। सभी घायलों को तत्काल धामनोद के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया।

## परीक्षार्थियों के लिए पेयजल, टॉयलेट नहीं, जयस अध्यक्ष ने घेराव की चेतावनी दी

**धार।** जिले की कुक्षी तहसील के सांदीपनी स्कूल में माध्यमिक शिक्षा मंडल की 10वीं और 12वीं बोर्ड परीक्षाओं के दौरान विद्यार्थियों को पेयजल और शौचालय की असुविधा का सामना करना पड़ रहा है। इस मामले को लेकर जयस प्रदेश कार्यकारी अध्यक्ष रविराज बघेल ने नाराजगी व्यक्त की और स्कूल में आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध कराने की मांग की। इस पर केंद्राध्यक्ष ने बताया कि बीईओ या प्रिंसिपल ही इस संबंध में कुछ कर सकते हैं। इस मामले में सांदीपनी स्कूल के प्राचार्य हरिनारायण नारोलिया ने कहा कि उनकी ड्यूटी गंधवानी में लगी हुई है।

**मेट्रो एंकर** ई-वेस्ट मैनेजमेंट पर जागरूकता कार्यशाला आयोजित

# निस्तारण की प्रक्रियाओं की दी जानकारी

**तेंदूखेड़ा। दोपहर मेट्रो**



अमर वीरांगना रानी दुर्गावती शासकीय महाविद्यालय, तेंदूखेड़ा, दमोह में पर्यावरण शिक्षण कार्यक्रम के अंतर्गत महाविद्यालय के इको क्लब के तत्वावधान में ई-अपशिष्ट प्रबंधन विषय पर एक दिवसीय कार्यशाला का सफल आयोजन किया गया। कार्यक्रम महाविद्यालय के प्राचार्य शंकर सिंह ठाकुर के मार्गदर्शन में संपन्न हुआ।

कार्यशाला का उद्देश्य विद्यार्थियों में ई-वेस्ट के प्रति जागरूकता बढ़ाना तथा उसके सुरक्षित एवं वैज्ञानिक प्रबंधन के महत्व को समझाना था। मुख्य अतिथि के रूप में डॉ. शमा खानम एवं मुख्य वक्ता के रूप में डॉ. अखिलेश कुमार पटेल उपस्थित रहे। मुख्य वक्ता ने अपने व्याख्यान में ई-अपशिष्ट के बढ़ते दुष्प्रभावों, पर्यावरण एवं मानव स्वास्थ्य पर उसके असर तथा उसके उचित निस्तारण की प्रक्रियाओं पर विस्तृत जानकारी प्रदान की। उन्होंने विद्यार्थियों को बताया कि इलेक्ट्रॉनिक उपकरणों का अनियंत्रित निपटान मिट्टी, जल और वायु प्रदूषण का कारण बनता है, जिससे दीर्घकालिक पर्यावरणीय संकट उत्पन्न हो सकता है। अतः ई-वेस्ट को अधिकृत रीसाइक्लिंग केंद्रों पर ही जमा करना चाहिए। मुख्य अतिथि डॉ. शमा खानम ने अपने उद्बोधन में कहा कि आज के डिजिटल युग में ई-अपशिष्ट प्रबंधन एक गंभीर चुनौती बन चुका है। यदि समय रहते जागरूकता और जिम्मेदारी नहीं अपनाई गई तो इसके दुष्परिणाम भविष्य की पीढ़ियों को भुगतने पड़ेंगे। उन्होंने विद्यार्थियों से पर्यावरण संरक्षण की दिशा में सक्रिय भूमिका निभाने का आह्वान किया। इको क्लब प्रभारी डॉ. मनीषा कुमारिया ने बताया कि पर्यावरण शिक्षण कार्यक्रम का प्रमुख उद्देश्य विद्यार्थियों एवं समाज में पर्यावरण संरक्षण, पर्यावरण जागरूकता तथा जलवायु परिवर्तन जैसे महत्वपूर्ण विषयों के प्रति संवेदनशीलता विकसित करना है। कार्यक्रम के दौरान विद्यार्थियों को प्रमाण पत्र, कैप, टी-शर्ट एवं पुरस्कार भी वितरित किए गए। सफल संचालन में इको क्लब सदस्य मेघ सिंह वर्मा, डॉ. अरूणेंद्र कुमार पटेल एवं डॉ. संध्या स्थापक का विशेष सहयोग रहा। इस अवसर पर डॉ. सुनील गिरी, डॉ. रश्मि मिश्रा, डॉ. नंदकिशोर निकोसे, डॉ. बालकृष्ण कुशवाहा, डॉ. रुचि द्विवेदी, श्रीमती सुमन अहिरवार, श्रीमती खुशबू रावत, डॉ. दीपिका दुबे, डॉ. वैशाली भगत सहित शिक्षक व अन्य लोग शामिल रहे।


## कार्यालय नगर पालिका परिषद मण्डीदीप, जिला - रायसेन म.प्र.

क्र./6841/ राजस्व/न.पा./2026 मंडीदीप दिनांक 16.02.2026

**/ / हकअन्तरण आपत्ति सूचना / /**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि म.प्र. नगर पालिका अधिनियम 1961 की धारा 150 के तहत नगर पालिका के संपत्ति कर खाते में हकअन्तरण की कार्यवाही की जाना है अतः जिन व्यक्तियों को निम्नलिखित वार्ड क्र. के समक्ष लिखित व्यक्तियों व भवन भूखण्ड के हकअन्तरण में कोई आपत्ति हो तो विज्ञप्ति प्रकाशन दिनांक के 15 दिवस के भीतर अपनी आपत्ति नगर पालिका मण्डीदीप के कार्यालय में लिखित प्रमाण प्रस्तुत कर सकते है। समयावधि के पश्चात प्राप्त आपत्ति पर विचार नहीं किया जावेगा तथा संबंधित व्यक्तियों के नाम से हकअन्तरंण की कार्यवाही की जावेगी।

| क्र | नस्ती क्र. | भवन भूमि / प्लाट/वार्ड का विवरण | विक्रेता का नाम | क्रेता का नाम | क्षेत्रफल | नामांतरण का आधार |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 11351 | फ्लेट क्रमांक- एफ- 01, महावीर नगर फेस - 1, वार्ड क्र -1, मण्डीदीप | श्री संजय जैन पिता श्री निर्मल कुमार जैन | 1. श्री ललित गिरधानी पिता स्वः श्री सुन्दरलाल गिरधानी 2. श्रीमती हंसा गिरधानी पत्नि श्री ललित गिरधानी, | 740 वर्गफिट | रजिस्ट्री |
| 2 | 11352 | वार्ड क्र-5, मण्डीदीप | श्री सुरेन्द्र चौकसे पिता श्री श्रीकिशन चौकसे | श्रीमती लक्ष्मी बाई पत्नि श्री संतोष कहार | 1726 वर्गफिट | रजिस्ट्री |
| 3 | 11353 | भूखण्ड क्रमांक-ई-3, द साई ग्रीन, वार्ड क्रमांक-26, मण्डीदीप | टी.सी.डब्ल्यू इन्फ्रास्टेट प्रायवेट लिमिटेड | श्रीमती राधिका पत्नि श्री अजय प्रजापति | 450 वर्गफिट | रजिस्ट्री |
| 4 | 11354 | भूखण्ड क्रमांक-जी-225, द साई ग्रीन, वार्ड क्रमांक-20, मण्डीदीप | टी.सी.डब्ल्यू इन्फ्रास्टेट प्रायवेट लिमिटेड | श्रीमती प्रभावती देवी पत्नि श्री लालकेश्वर प्रसाद | 920 वर्गफिट | रजिस्ट्री |
| 5 | 11355 | भूखण्ड क्रमांक-41 (कॉर्नर), हेमा विहार, वार्ड क्रमांक-17, मण्डीदीप | 1. श्री टीकाराम अहिरवार पिता श्री अनुमत सिंह, 2. श्रीमती सीमा बाई अहिरवार पत्नि श्री टीकाराम अहिरवार | 1. श्री जयपाल सिंह पिता श्री नर्मदा प्रसाद, 2. श्री खेमचन्द पिता श्री नर्वदा प्रसाद | 600 वर्गफिट | रजिस्ट्री |
| 6 | 11356 | भूखण्ड क्रमांक-एम.आई.जी. 06, पटेल, वार्ड क्रमांक-21, मण्डीदीप | एम.पी. हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी | श्री अब्दुल जब्बार खान पिता श्री अब्दुल सज्जाद खान | 36.046 वर्गमीटर | रजिस्ट्री एवं मृत्यु प्रमाण पत्र |
| 7 | 11357 | भूखण्ड क्रमांक-98, अनन्त गोपीपुरम, वार्ड क्रमांक-25 मण्डीदीप | मेसर्स आगन्तुक कालोनाईजर एण्ड डेवलपर्स | श्रीमति बबिता पत्नि श्री राजकुमार | 525 वर्गफिट | रजिस्ट्री |
| 8 | 11358 | भूखण्ड क्रमांक-ई.डब्ल्यू.एस-पी.ई-43, वी.डी.बी. घर आंगन कॉलोनी, वार्ड क्रमांक-25, मण्डीदीप | वैष्णव प्रमोटर्स एण्ड डेव्हलपर | श्रीमति भागवती लोधी पत्नि श्री संतोष लोधी | 41.81 वर्गमीटर | रजिस्ट्री |
| 9 | 11359 | भूखण्ड क्रमांक- 02, पिपलिया गज्जू, वार्ड क्रमांक-24, मण्डीदीप | श्री प्रहलाद सिंह पिता श्री जयराम मीना | श्री धर्मेंद्र कुमार पिता स्वः श्री व्रंदावन | 600 वर्गफिट | रजिस्ट्री |
| 10 | 11360 | भूखण्ड क्रमांक- 46, शीतल रिगालिया, वार्ड क्रमांक-23, मण्डीदीप | मेसर्स पुष्पदंत बिल्डर्स प्रा. लिमि | 1. श्री पवन पाटनकर पिता श्री दिनेश, 2. श्री सोनू पिता श्री दिनेश, | 82.2 वर्गमीटर | रजिस्ट्री |
| 11 | 11361 | भवन क्रमांक-28-बी, शीतल मेगा सिटी फेस-2, वार्ड क्रमांक-23, मण्डीदीप | मेसर्स श्री प्रभाकर कंस्ट्रक्शन कंपनी | 1. श्री अंधेरियस बेक पिता श्री सिमोन बेक, 2. श्रीमती सुशिला बेक पत्नि श्री अंधेरियस बेक, | 810 वर्गफिट | रजिस्ट्री |
| 12 | 11362 | भूखण्ड क्रमांक-261, शीतल दीप, वार्ड क्रमांक-24, मण्डीदीप | मेसर्स श्री प्रभाकर कंस्ट्रक्शन कंपनी | 1. श्री अमन कुमार शर्मा पिता श्री किशोर शर्मा 2. श्रीमती वैजन्ती शर्मा पत्नि श्री किशोर शर्मा | 480 वर्गफिट | रजिस्ट्री |
| 13 | 11363 | भूखण्ड क्रमांक-102, श्री राम नगर (महिमा धाम), वार्ड क्रमांक-23 मण्डीदीप | श्री राजू लोवंशी पिता श्री रामसिंह लोवंशी | श्री अंकित पिता श्री कोमल प्रसाद पुवारिया | 600 वर्गफिट | रजिस्ट्री |
| 14 | 11364 | भूखण्ड क्रमांक-389, शीतल मेगा सिटी फेस-01, वार्ड क्रमांक-23 मण्डीदीप | श्री विजय सिंह राठौड़ पिता श्री लखन लाल राठौड़ | 1.श्रीमती खुदैजा अली अंसारी पत्नि श्री अख्तर अली अंसारी 2. श्री अख्तर अली अंसारी पिता मो. मुख्तार अली अंसारी | 945 वर्गफिट | रजिस्ट्री |
| 15 | 11365 | भूखण्ड क्रमांक-44, शांति नगर, वार्ड क्रमांक-23, मण्डीदीप | श्री राजेश सोनी पिता श्री पूनम चंद सोनी | श्री नीशू ठाकुर पिता श्री अभय सिंह | 1300 वर्गफिट | रजिस्ट्री |
| 16 | 11366 | भूखण्ड क्रमांक-ई-09, शीतल दीप, वार्ड क्रमांक-24, मण्डीदीप | मेसर्स श्री प्रभाकर कंस्ट्रक्शन कंपनी | श्रीमती क्रांति बाई गोर पत्नि श्री भगवान सिंह गोर | 600 वर्गफिट | रजिस्ट्री |
| 17 | 11367 | भूखण्ड क्रमांक-485, शीतल दीप, वार्ड क्रमांक-24, मण्डीदीप | श्री जय प्रकाश जायसवाल पिता श्री काशीनाथ जायसवाल | श्रीमती श्रद्धा जैसवाल पत्नि श्री सूरज जैसवाल | 640 वर्गफिट | रजिस्ट्री |
| 18 | 11368 | भूखण्ड क्रमांक-114, कृष्णा रेसीडेंसी, वार्ड क्रमांक-23, मण्डीदीप | मेसर्स कृष्णा हेवलपर्स | श्रीमती सुमन पत्नि श्री हरि चरण | 600 वर्गफिट | रजिस्ट्री |
| 19 | 11369 | भूखण्ड क्रमांक-77, मधुवन नगरी, वार्ड क्रमांक-24, मण्डीदीप | श्री संदीप रघुवंशी पिता श्री छोटालाल सिंह रघुवंशी | श्रीमती नीतू मालवीय पत्नि श्री रविशंकर मालवीय | 800 वर्गफिट | रजिस्ट्री |
| 20 | 11370 | भूखण्ड क्रमांक-87, (कॉर्नर), मधुवन हिल्स, वार्ड क्रमांक-24, मण्डीदीप | श्री डिग्रीलाल चौहान पिता श्री दशरथ चौहान | श्री राहुल सिंह राजपूत पिता श्री सत्यनारायण राजपूज | 800 वर्गफिट | रजिस्ट्री |
| 21 | 11371 | भूखण्ड क्रमांक-273, शीतल मेगा सिटी वार्ड क्रमांक-23, मण्डीदीप | श्रीमती कला गुजरे पत्नि श्री नामदेव गुजरे | 1. श्री गौरव, 2. श्री आशीष, 3. श्री अनुराग पुत्रगण श्री नामदेव गुजरे 4. श्री नामदेव गुजरे, पिता श्री लक्ष्मण | 480 वर्गफिट | रजिस्ट्री |
| 22 | 11372 | भूखण्ड क्रमांक-314 कॉर्नर, मधुवन हिल्स कॉलोनी, वार्ड क्रमांक-24, मण्डीदीप | श्री तरुण लक्षकार पिता श्री मूलचंद लक्षकार | श्रीमती शीतल बोखड़े पत्नि श्री रविंद्र बोखड़े | 600 वर्गफिट | रजिस्ट्री |
| 23 | 11373 | वार्ड क्रमांक-26 सरांकिया, मण्डीदीप | श्री कृष्णराज सिंह तोमर पिता श्री जसबंत सिंह तोमर | श्री गोविंद प्रसाद शर्मा, पिता स्व. श्री मदन मोहन शर्मा | 1200 वर्गफिट | रजिस्ट्री |
| 24 | 11374 | फ्लेट क्रमांक-एसएफ-24, रॉयलपार्क सिटी वार्ड क्रमांक-23 मण्डीदीप | मेसर्स राय होम्स कंस्ट्रक्शन कंपनी | श्री दीपक शर्मा पिता श्री एससी शर्मा | 690 वर्गफिट | रजिस्ट्री |
| 25 | 11375 | भूखण्ड क्रमांक-11-रेल्वे स्टेशन के पास, वार्ड क्रमांक-23 मण्डीदीप | श्रीमती रमाकांता मीना पत्नि स्व. श्री गोपीलाल मारन | श्रीमती कलावती पत्नि श्री अशोक साहू | 2800 वर्गफिट | रजिस्ट्री |

प्रियंका राजेंद्र अग्रवाल
अध्यक्ष
नगरपालिका परिषद मण्डीदीप

## अदिति से शादी करेंगे ईशान?

# मां सुचित्रा ने अटकलों पर लगाया विराम, कहा अभी क्रिकेट खेलने का समय




**मुंबई।** टी20 विश्वकप 2026 में पाकिस्तान के खिलाफ तूफानी पारी खेलकर प्लेयर ऑफ द मैच अवॉर्ड जीतने वाले ईशान किशन इन दिनों अलग वजह से चर्चा में हैं। वजह है उनके और अदिति हुंडिया के रिलेशनशिप की अटकलें। वैसे तो रूमर्स काफी पहले से चल रहे थे कि ईशान और अदिति रिलेशनशिप में हैं, लेकिन हाल फिलहाल में इस बात की पुष्टि हुई है। ऐसे में अब चर्चा इस बात की शुरू हो चुकी है कि क्यों दोनों शादी करेंगे। इन अटकलों पर अब ईशान किशन की मां सुचित्रा देवी का बयान आया है। ईशान ने 15 फरवरी को पाकिस्तान के खिलाफ शानदार प्रदर्शन कर सुर्खियां बटोरीं। बाएं हाथ के इस ओपनर ने 40 गेंदों पर 77 रनों की विस्फोटक पारी खेलकर भारत को बड़ी जीत दिलाई। उनकी इस मैच जिताऊ पारी की बदौलत भारत ने 61 रन से मुकाबला अपने नाम किया। ईशान ने न सिर्फ बल्ले से कमाल दिखाया, बल्कि विकेट के पीछे भी शानदार प्रदर्शन किया। उन्होंने उस्मान खान को स्टंप आउट कर मैच का रुख पूरी तरह भारत की ओर मोड़ दिया।

### दादा के बयान से उड़ी शादी की अफवाह

मैच के बाद जहां हर ओर उनकी बल्लेबाजी की चर्चा हो रही थी, वहीं उनके निजी जीवन को लेकर भी खबरें सामने आने लगीं। ईशान के दादा अनुराग पांडेय ने मॉडल अदिति हुंडिया के साथ उनके रिश्ते की पुष्टि कर दी। उन्होंने कहा, जो भी ईशान शादी के लिए चुनेगा, हमें पूरी तरह स्वीकार है। अदिति उसकी गर्लफ्रेंड है। वह एक मॉडल है। बच्चों की खुशी को स्वीकार करना चाहिए। दादा के इस बयान के बाद सोशल मीडिया पर ईशान और अदिति की शादी की अटकलें तेज हो गईं। हालांकि, जल्द शादी की अफवाहों पर ईशान की मां सुचित्रा देवी ने स्पष्ट रूप से विराम लगा दिया। उन्होंने कहा, अभी शादी की बात नहीं है, यह उसके क्रिकेट खेलने का समय है। वह अभी इतना बड़ा नहीं हुआ है कि शादी की बात की जाए। दादा जी थोड़े उम्रदराज हो गए हैं। बुजुर्ग लोग थोड़ा उत्साहित हो जाते हैं। सोशल मीडिया पर जो देखा, उसी के आधार पर उन्होंने यह सब कहा। उनके इस बयान से साफ हो गया कि फिलहाल परिवार की प्राथमिकता ईशान का क्रिकेट करियर है।

### ईशान का फोकस सिर्फ क्रिकेट पर

पाकिस्तान के खिलाफ शानदार प्रदर्शन के बाद ईशान ने 'प्लेयर ऑफ द मैच' पुरस्कार को पूरी टीम और भारतीय प्रशंसकों को समर्पित किया। उन्होंने कहा कि उन्होंने इस मुकाबले को सामान्य मैच की तरह लिया, गेंद को देखकर शॉट्स खेले और किसी तरह का दबाव महसूस नहीं किया। ईशान ने यह भी कहा कि उनका काम अभी पूरा नहीं हुआ है और वह अगले मुकाबले पर ध्यान केंद्रित करना चाहते हैं। टी20 विश्व कप में यह उनकी लगातार दूसरी अर्धशतकीय पारी रही। कोलंबो में खेले गए मुकाबले में उन्होंने पाकिस्तानी स्पिनरों के खिलाफ बेहतरीन बल्लेबाजी की और टीम को मजबूत स्थिति में पहुंचाया।

## पाकिस्तान की फिर इंटरनेशन बेइज्जती, वतन वापसी के बाद फूटा हॉकी कप्तान का गुस्सा

# बर्तन मांजकर खेलने उतरे खिलाड़ी, भटकना पड़ा सड़कों पर

**कराची, एजेंसी**

पाकिस्तान हॉकी टीम के ऑस्ट्रेलिया दौरे से लौटते ही एक बड़ा विवाद सामने आ गया है। टीम के कप्तान शकील अम्माद बट ने पाकिस्तान हॉकी फेडरेशन ( पर गंभीर आरोप लगाए हैं। उनका कहना है कि खिलाड़ियों को मैच खेलने से पहले बर्तन तक मांजने पड़े और कई घंटों तक सड़कों पर भटकना पड़ा। लाहौर एयरपोर्ट पर मीडिया से बातचीत में बट ने साफ कहा, अब बहुत हो चुका है। जब खिलाड़ी मैच खेलने से पहले किचन साफ करें और बर्तन धोएं, तो उनसे आप किस तरह के नतीजों की उम्मीद करेंगे?

ऑस्ट्रेलिया पहुंचने के बाद टीम को सबसे पहले सिडनी एयरपोर्ट पर 13-14 घंटे इंतजार करना पड़ा। इसके बाद जब टीम कैनबरा में FIH Pro League मुकाबलों के लिए होटल पहुंची तो पता चला कि बुकिंग ही नहीं की गई थी। खिलाड़ियों को बताया गया कि होटल प्रबंधन को अग्रिम भुगतान नहीं मिला है। नतीजा यह हुआ कि टीम को घंटों तक इंतजार करना



पड़ा और अस्थायी व्यवस्था होने तक इधर-उधर भटकना पड़ा। अगले ही दिन पाकिस्तान को ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ पहला मैच खेलना था, जिसमें टीम 2-3 से हार गई। दौरे के दौरान पाकिस्तान को मेजबान ऑस्ट्रेलिया और जर्मनी दोनों से हार का सामना करना पड़ा। कप्तान बट ने खुलासा किया कि टीम के लिए Airbnb आवास सिर्फ 10 दिनों के लिए बुक किया गया था, जबकि दौरा 13 दिनों का था। मजबूरी में खिलाड़ियों को बाद में सस्ते ठिकाने पर शिफ्ट होना पड़ा। उन्होंने आरोप लगाया कि फेडरेशन खिलाड़ियों से सच्चाई छिपाता रहा और मीडिया से बात करने पर अनुशासनात्मक कार्रवाई की चेतावनी भी दी गई थी। बट ने कहा, मैं इसलिए बोल रहा हूं क्योंकि जो हमने ऑस्ट्रेलिया में झेला, वह अस्वीकार्य है।

### 10 मिलियन रुपये का सवाल

इस पूरे विवाद के बीच Pakistan Sports Board ने पुष्टि की है कि उसने टीम के होटल इंतजाम के लिए क्वास्र को 10 मिलियन पाकिस्तानी रुपये से अधिक की राशि जारी की थी। क्क्स्क्क के महानिदेशक नूर उस सबा (ह्श्श्ह्व ह्व्य स्ड्ड्ड्ड्ड्ढ) ने कहा है कि मामले की विस्तृत रिपोर्ट प्रधानमंत्री को सौंपी जाएगी। प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ, जो क्वास्र के पैट्रन-इन-चीफ भी हैं, ने पूरे प्रकरण की जांच के आदेश दे दिए हैं। कप्तान बट ने यह भी कहा कि यदि पाकिस्तान हॉकी को आगे बढ़ना है तो विदेशी कोच और बेहतर प्रबंधन की जरूरत है। बट ने कहा, हमारे पास प्रतिभाशाली खिलाड़ियों का अच्छा संयोजन है, लेकिन सही दिशा और पेशेवर प्रबंधन के बिना आगे बढ़ना मुश्किल है।

### पाकिस्तान हॉकी की साख पर सवाल

एक समय दुनिया पर राज करने वाली पाकिस्तान हॉकी अब प्रशासनिक अव्यवस्था और वित्तीय पारदर्शिता के संकट से जूझ रही है। खिलाड़ियों की यह खुली नाराजगी बताती है कि मामला सिर्फ हार-जीत का नहीं, बल्कि सिस्टम की जवाबदेही का है। अब सबकी नजर इस बात पर है कि जांच के बाद क्या कार्रवाई होती है और क्या पाकिस्तान हॉकी को उसका खोया हुआ सम्मान वापस मिल पाएगा।

## भारतीय टीम के सलामी बल्लेबाज अभिषेक शर्मा की खराब फॉर्म जारी

# लगातार तीसरी बार शून्य पर हुए आउट टूर्नामेंट में अब तक नहीं खोल सके हैं खाता

**नई दिल्ली , एजेंसी**

भारतीय टीम के सलामी बल्लेबाज अभिषेक शर्मा की खराब फॉर्म नीदरलैंड के खिलाफ भी जारी रही। अभिषेक एक बार फिर खाता खोले बिना आउट हुए और सिर्फ तीन ही गेंद खेल सके। अभिषेक की फॉर्म भारत के लिए चिंता का विषय बन गई है क्योंकि अब टीम को आगे कड़ी चुनौतियों का सामना करना पड़ा है। मौजूदा टूर्नामेंट में अभिषेक अब तक खाता भी नहीं खोल सके हैं क्योंकि अमेरिका के खिलाफ पहले मैच में अभिषेक शून्य पर आउट हुए थे, फिर पाकिस्तान के खिलाफ वह खाता नहीं खोल पाए थे और अब नीदरलैंड के खिलाफ भी उनका बल्ला खामोश ही रहा। अभिषेक पेट में संक्रमण के कारण नामीबिया के खिलाफ दूसरे मैच से बाहर रहे थे। अभिषेक नामीबिया के खिलाफ मैच से पहले दिल्ली के एक अस्पताल में भर्ती थे और लग रहा था कि वह पाकिस्तान के खिलाफ नहीं खेल सकेंगे। हालांकि, वह इस मैच से पहले स्वस्थ हो गए थे और प्लेइंग-11 में शामिल होने में सफल रहे थे। टी20 विश्व कप से पहले शानदार फॉर्म में दिख रहे अभिषेक का बल्ला टूर्नामेंट में खामोश ही चल रहा है। 22 फरवरी से भारत का सुपर आठ चरण में अभियान शुरू हो रहा है। अगले दौर में टीम को दक्षिण अफ्रीका, जिम्बाब्वे और वेस्टइंडीज का सामना करना है, ऐसे में अभिषेक का नहीं चलना टीम के लिए




## भारत ने टी20 विश्व कप में लगातार 12वीं जीत दर्ज की

# फील्डिंग की कमजोरी फिर उजागर

**अहमदाबाद।** शिवम दुबे की शानदार बल्लेबाजी के बाद वरुण चक्रवर्ती की गेंदबाजी के दम पर भारत ने नीदरलैंड को 17 रनों से हराया। गत चैंपियन भारतीय टीम ने इस तरह ग्रुप चरण का अंत अजेय रहते हुए किया। भारत ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 20 ओवर में छह विकेट पर 193 रन बनाए। जवाब में नीदरलैंड की टीम निर्धारित ओवर में सात विकेट पर 176 रन ही बना सकी। भारत ने टी20 विश्व कप में लगातार 12वीं जीत दर्ज की। टूर्नामेंट में भारत 2024 से ही अजेय बना हुआ है। भारतीय टीम भले ही मैच जीतने में सफल रही, लेकिन उसकी फील्डिंग एक बार फिर खराब रही। भारत के लिए नीदरलैंड के खिलाफ मैच में कप्तान सूर्यकुमार यादव और तिलक वर्मा ने कैच छोड़े। इतना ही नहीं, बल्लेबाजी में भी टीम का प्रदर्शन कुछ खास नहीं रहा और एक बार फिर बल्लेबाज संघर्ष करते नजर आए। शिवम दुबे ने हालांकि, शानदार बल्लेबाजी की जिस कारण टीम चुनौतीपूर्ण लक्ष्य दे सकी। शिवम दुबे के तूफानी अर्धशतक के बाद वरुण चक्रवर्ती के फिरकी के जादू से भारत ने नीदरलैंड को हराया। लक्ष्य का पीछा करने उतरे नीदरलैंड ने धीमी शुरुआत करते हुए पावरप्ले में एक विकेट पर 36 रन बनाए। टीम ने मैक्स ओडौउड (20) का विकेट गंवाया जिन्हें वरुण चक्रवर्ती ने छठे ओवर में बोल्ड किया। सलामी बल्लेबाज माइकल लेविट (24) ने पांड्या का स्वागत एक्सट्रा कवर पर चौके के साथ किया लेकिन इसी ओवर में डीप मिडविकेट बाउंड्री पर वॉशिंगटन सुंदर को कैच दे बैठे। कॉलिन एकरमैन (23) ने भी पैंड्या पर छक्का मारा जबकि बास डि लीडे ने भी इस तेज गेंदबाज पर चौका जड़ा।

## चैंपियंस लीग

# स्टार फुटबॉलर विनीशियस जूनियर के साथ नस्लीय दुर्व्यवहार?



**मैड्रिड।** ब्राजील के खिलाड़ी विनीशियस जूनियर ने चैंपियंस लीग फुटबाल टूर्नामेंट के प्लेऑफ के मुकाबले में रियल मैड्रिड की तरफ से बेनफिका के खिलाफ विजयी गोल करने के बाद नस्लीय दुर्व्यवहार के आरोप लगाए। खेल को तब रोक दिया गया जब विनीशियस ने दावा किया कि रियल मैड्रिड की 1-0 से जीत के दौरान एक प्रतिद्वंद्वी खिलाड़ी ने नस्लीय टिप्पणी करके उनका अपमान किया। रियल मैड्रिड के डिफेंडर ट्रेंट अलेक्जेंडर अर्नोल्ड ने मैच के बाद कहा, अपने करियर के दौरान उन्हें कई बार इस तरह की स्थिति का सामना करना पड़ा है और उन्होंने इसे बखूबी संभाला है। लेकिन उनके प्रति इस तरह का व्यवहार जारी रहना और इस मैच की रात ऐसा होना फुटबॉल के लिए शर्मनाक है। इस बीच मौजूदा चैंपियन पेरिस सेंट जर्मेन (पीएसजी) को मोनाको के खिलाफ जीत दर्ज करने के लिए संघर्ष करना पड़ा। पीएसजी एक समय दो गोल से पीछे चल रहा था, लेकिन सब्स्टिट्यूट खिलाड़ी डेजायर डूए के शानदार प्रदर्शन से वह आखिर में 3-2 से जीत हासिल करने में सफल रहा। अन्य मैचों में गैलाटासराय ने युवेंटस को 5-2 से हराया जबकि बोरुसिया डॉर्टमुंड ने अटलांटा के खिलाफ 2-0 से जीत दर्ज की। विनीशियस ने स्टेडियम ऑफ लाइट में बेनफिका के खिलाफ प्लेऑफ के पहले चरण में रिकॉर्ड 15 बार के चैंपियन रियाल मैड्रिड को बढ़त दिलाने के बाद रेफरी फ्रांकोइस लेटेक्सियर को नस्लवादी टिप्पणी की जानकारी दी।

**मनोरंजन** | **बॉलीवुड का कोना**

## माहिका शर्मा, समंदर और शर्टलेस हार्दिक पंड्या,

# रोमांटिक तस्वीर शेयर कर क्रिकेटर ने लिखी दिल की बात



फील्ड पर बल्ले और गेंद से तबाही मचाने वाले हार्दिक पंड्या अपनी लव लाइफ को लेकर काफी ज्यादा चर्चा में रहते हैं। हार्दिक पंड्या अपनी गर्लफ्रेंड माहिका शर्मा के साथ इंस्टाग्राम पर तस्वीरें शेयर करते रहते हैं। माहिका को आईसीसी टी20 वर्ल्ड कप 2026 के दौरान भारतीय टीम के साथ भी देखा गया है। वहीं अब हार्दिक की प्रेमिका माहिका का आज यानी 19 फरवरी को जन्मदिन है। माहिका शर्मा के जन्मदिन पर हार्दिक पंड्या ने एक खास फोटो शेयर की है। हार्दिक पंड्या ने सोशल मीडिया के सबसे लोकप्रिय प्लेटफॉर्म में से एक इंस्टाग्राम पर अपने ऑफीशियल अकाउंट से स्टोरी पर माहिका शर्मा के साथ एक फोटो शेयर की है। उस फोटो में हार्दिक और माहिका पूल में हैं। दोनों ने एक दूसरे को अपनी बाहों में ले रखा है। इस फोटो को शेयर करते हुए हार्दिक ने लिखा, हैप्पी बर्थडे माय प्रिंसेस। बता दें कि पिछले कुछ समय से हार्दिक और माहिका एक दूसरे को डेट कर रहे हैं। कई जगह दोनों को एक साथ स्पॉट किया जाता है।

### गजब फॉर्म में चल रहे हैं हार्दिक पंड्या

आईसीसी टी20 वर्ल्ड कप 2026 में हार्दिक पंड्या अच्छी फॉर्म में चल रहे हैं। वह बल्ले और गेंद दोनों से भारतीय टीम के लिए योगदान दे रहे हैं। उन्होंने नामीबिया के खिलाफ 2 विकेट लिए थे और 52 रन बनाए थे। वहीं पाकिस्तान के खिलाफ बड़े मुकाबले में बल्ले से भले ही अपना योगदान हार्दिक नहीं दे पाए थे। लेकिन उन्होंने गेंदबाजी में हिसाब बराबर कर दिया था। हार्दिक ने पाकिस्तान के खिलाफ 16 रन देकर 2 विकेट लिए थे। अब नीदरलैंड के खिलाफ बीते 18 फरवी को हार्दिक पंड्या ने 30 रन बनाए और 1 विकेट भी लिया। बात करें भारतीय टीम की तो भारत मौजूदा वर्ल्ड कप में लगातार चार मुकाबले जीतकर सुपर 8 में पहुंच गई है। जहां उनका सामना 22 फरवरी को साउथ अफ्रीका से होने वाला है। 26 फरवरी को भारत का मुकाबला जिम्बाब्वे तो 1 मार्च को वेस्टइंडीज से होगा।

# अग्निपरीक्षा से तहलका मचाने आ रहे खेसारी लाल यादव, रिलीज किया शानदार ट्रेलर

भोजपुरी की हिट मशीन कहे जाने वाले अभिनेता और सिंगर खेसारी लाल यादव की बहुप्रतीक्षित फिल्म अग्निपरीक्षा का ट्रेलर रिलीज हो गया है। अग्निपरीक्षा में खेसारी रोमांस और एक्शन दोनों करते दिख रहे हैं और आकांक्षा पुरी के साथ उनकी जोरदार केमिस्ट्री ने फैंस को खुश कर दिया है।

होली सॉन्ग के बीच खेसारी लाल यादव ने अपनी अपकमिंग फिल्म अग्निपरीक्षा का ट्रेलर रिलीज कर दिया है, जिसमें वे धर्म को बचाने के लिए दुश्मनों का वध करते दिख रहे हैं। ट्रेलर में खेसारी को मसीहा के रूप में दिखाया गया है, जो अमीरों को लूटकर गरीबों की मदद करता है, लेकिन स्टोरी में ट्विस्ट तब आता है, जब आकांक्षा से प्यार करने वाले खेसारी को मजबूरन नीलम से शादी करनी पड़ती है। इतना ही नहीं, नीलम की मौत का भी इल्जाम अभिनेता पर लगता है, लेकिन अंत में इंसाफ होता है।

ट्रेलर में दबंग विधायक की भी एंट्री होती है, जो पैसे के बलबूते पर पावर का गलत इस्तेमाल करता है। खेसारी ट्रेलर में धर्म और सत्ता के ठेकेदारों से सीधी लड़ाई लेते दिखते हैं। ट्रेलर



बहुत ही प्रॉमिसिंग है और फैंस को खूब पसंद भी आ रहा है। ट्रेलर में फिल्म में मौजूद कई मजेदार गानों की झलक भी दिखाई गई है। बात अगर अग्निपरीक्षा की करें तो फिल्म के प्रोड्यूसर सुरिंदर यादव हैं और निर्देशक लाल बाबू पंडित हैं। फिल्म में खेसारी, आकांक्षा और नीलम के अलावा, सुशील सिंह, प्रकाश जैस, सोनू पांडे, रितु चौहान, विनोद मिश्रा, सोनिया मिश्रा, महेश आचार्य, प्रियंका सोनी और दीपक सिन्हा भी दिखने वाले हैं।



## मेट्रो बाजार

# भारत में एआई को लेकर प्रबल आशावाद और विश्वास दिखता है: ऋषि सुनक

**नई दिल्ली।** पूर्व ब्रिटिश प्रधानमंत्री ऋषि सुनक ने कहा कि एआई के मामले में भारत प्रबल आशावाद और विश्वास दिखाता है, जबकि पश्चिमी देश इस उभरती तकनीक को लेकर चिंतित हैं। सुनक ने चेतावनी दी कि इस अंतर को पाटने के लिए लक्षित शासन प्रयासों की आवश्यकता है। उन्होंने यहां चल रहे %इंडिया एआई इम्पैक्ट समिट 2026% में मेटा के मुख्य एआई अधिकारी अलेक्जेंडर वांग के साथ अनौपचारिक बातचीत के दौरान कहा कि मुझे लगता है कि इस विश्वास के अंतर को कम करना जितना तकनीकी कार्य है, उतना ही नीतिगत कार्य भी है। उन्होंने सभा को संबोधित करते हुए कहा कि पूरी दुनिया में, हम एआई के प्रति अलग-अलग दृष्टिकोण देख रहे हैं। भारत जैसे देशों में अपार आशावाद और विश्वास है, जबकि पश्चिमी देशों में, हम देख रहे हैं कि एआई के प्रति चिंता अभी भी हावी है। सुनक ने आगे कहा कि भारत एक ऐसा देश है जिसके डिजिटल क्षेत्र में अपार महत्वाकांक्षाएं और क्षमताएं हैं, और हाल ही में हुए एआई निवेशों के असाधारण पैमाने को रेखांकित किया। पूर्व ब्रिटिश प्रधानमंत्री ने कहा कि इस वर्ष, बड़ी एआई कंपनियां इस तकनीक को विकसित करने पर अमेरिका द्वारा मैनहट्टन प्रोजेक्ट (परमाणु बम निर्माण) पर खर्च किए गए पैसे से 20 गुना अधिक खर्च करने जा रही हैं। वांग के अनुसार, हम इस समय प्रौद्योगिकी के लिए एक बेहद रोमांचक दौर में हैं। मुझे लगता है कि हम एक वास्तविक गति से विकास के शुरुआती चरण में हैं।


# अदाणी पोर्ट्स-फ्रांस के मार्सिले पोर्ट ने सहयोग का किया ऐलान, बढ़ेगी ट्रेड कनेक्टिविटी

**अहमदाबाद ।** अदाणी पोर्ट्स एंड स्पेशल इकोनॉमिक जोन लिमिटेड (एपीएसईजेड) और फ्रांस के बड़े बंदरगाहों में से एक मार्सिले पोर्ट ने सहयोग का ऐलान किया है। इसके जरिए दोनों कंपनियां पोर्ट इनोवेशन, व्यापार सुगमीकरण पर सहयोग को गहरा करने, ऊर्जा परिवर्तन और भारत-यूरोप ट्रेड कनेक्टिविटी पर ध्यान केंद्रित करेंगी। समझौता ज्ञापन (एमओयू) में भारत-मध्य पूर्व-यूरोप आर्थिक गलियारे (आईएमईसी) मार्ग पर स्थित प्रमुख बंदरगाहों के बीच समन्वय को मजबूत करने और भारत एवं यूरोपीय संघ के बीच संपर्क को सुदृढ़ करने के लिए एक आईएमईसी पोर्ट्स क्लब के निर्माण का प्रस्ताव है। नई दिल्ली में 2023 के जी20 शिखर सम्मेलन में शुरू की गई, आईएमईसी एक 6,000 किलोमीटर लंबी बहुआयामी कनेक्टिविटी पहल है जो एकीकृत समुद्री मार्गों, रेल नेटवर्क, डिजिटल प्रणालियों और स्वच्छ ऊर्जा मार्गों के माध्यम से भारत और यूरोप को जोड़ती है। एपीएसईजेड के पूर्णकालिक निदेशक और सीईओ अश्वनी गुप्ता ने



कहा, भारत ने इस कॉरिडोर को आगे बढ़ाने में पहले ही नेतृत्व की भूमिका निभाई है, और भारत-ईयू मुक्त व्यापार समझौते के संपन्न होने के साथ, भाग लेने वाले देशों के बीच व्यापार में कई गुना वृद्धि होने की उम्मीद है। उन्होंने कहा, भारत के पश्चिमी तट पर स्थित हजीरा और मुंद्रा में हमारे बंदरगाहों ने कॉरिडोर के पहले और मध्य चरणों में एक सुगम मार्ग स्थापित कर लिया है। गुप्ता ने कहा, फ्रांस के मार्सिले फॉस बंदरगाह के साथ इस समझौता ज्ञापन से हमने यूरोप से अंतिम चरण को सफलतापूर्वक जोड़ लिया है।

# भूमि स्पर्श मुद्रा




**नवादा।** नवादा जिले के हिसुआ में गया-राजगीर पथ पर बैजनाथपुर के पास लगभग 10 एकड़ के क्षेत्र में भगवान बुद्ध की 108 फीट ऊँची विशाल प्रतिमा बन रही है। यह प्रतिमा 'भूमि स्पर्श' मुद्रा में है और इसके निर्माण के लिए थाईलैंड के अनुयायियों द्वारा निधि प्रदान की जा रही है। यह मूर्ति भारत की सबसे बड़ी मूर्तियों में से एक है जो गुलाबी और लाल बलुआ पत्थर से बनाई जा रही है।

## हिंदू समाज को जगाने करनी पड़ रही काफी मेहनत

## सरसंघचालक ने प्रबुद्धजनों के सवालों के दिए जवाब

# जनकल्याण में लगाएं मंदिरों से होने वाली कमाई: भागवत

**लखनऊ, एजेंसी**



राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सरसंघचालक डॉ. मोहन भागवत ने कहा कि मंदिरों की कमाई का बड़ा हिस्सा जन कल्याण में लगना चाहिए। वे आरएसएस के सौ वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य में लखनऊ में अपने दो दिवसीय प्रवास के दौरान अंतिम दिन इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान में आयोजित प्रमुख जन गोष्ठी को संबोधित कर रहे थे।

इस दौरान उन्होंने अलग-अलग क्षेत्रों से आए प्रबुद्धजनों के सवालों के जवाब दिए। लालता प्रसाद मिश्र के सवाल के जवाब में उन्होंने कहा कि संघ की सबसे बड़ी समस्या हिंदू समाज ही है क्योंकि हमें उन्हें जगाने में काफी मेहनत करनी पड़ रही है।

### निष्पक्ष संस्था की निगरानी हो

डॉ. श्वेता श्रीवास्तव और कर्नल एमके सिंह के सवाल के जवाब में डॉ. मोहन भागवत ने कहा कि मंदिरों से होने वाली आय को जन कल्याण के लिए लगाना चाहिए और इसकी बागडोर सरकार के हाथों में न होकर जिम्मेदार भक्तों के पास होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि देश के प्रमुख मंदिरों के संचालन और आय के जन कल्याण के लिए खर्च किए जाने की प्रक्रिया पारदर्शी हो और निष्पक्ष व ईमानदार संस्था की निगरानी में हो। उन्होंने कहा कि संघ इस दिशा में आगे तैयारी कर रहा है, जल्द परिणाम देखने को मिलेगा।

### सरकार हम चला रहे, यह एक भ्रम

इस दौरान दीनानाथ श्रीवास्तव ने सवाल किया कि यह कहां तक सही है कि भाजपा सरकार को संघ ही संचालित करता है। इस पर उन्होंने कहा कि ऐसा भ्रम अक्सर हो जाता है। हमारे पास ऐसा कोई रिमोट कंट्रोल नहीं है। सरकार चलाना बेहद कठिन काम है, इसलिए हम तो सिर्फ अपना ही काम करते हैं। हां, हम सुझाव दे सकते हैं। उन्होंने कहा कि हालांकि सरकार का विरोध करने वाले हमें भी गालियां देते हैं लेकिन सत्ता में बैठे कई लोग बहुत अच्छा काम भी कर रहे हैं। संघ की कार्यपद्धति फूलप्रूफ है क्योंकि संघ देश के उत्थान के लिए समर्पित कार्यकर्ता से केवल लेता ही है, उसे देता कुछ नहीं।

**सियासी तापमान बढ़ा**

### योगी से मुलाकात के बाद दोनों डिप्टी सीएम से मिले संघ प्रमुख

लखनऊ में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से मुलाकात के बाद राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ प्रमुख मोहन भागवत ने प्रदेश के दोनों उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य और बृजेश पाठक से मुलाकात की। इसे एक शिष्टाचार भेंट बताया जा रहा है। हालांकि, प्रदेश में मंत्रिमंडल विस्तार और संगठन में फेरबदल की चर्चाओं के बीच सीएम व डिप्टी सीएम से संघ प्रमुख की मुलाकात ने सियासी सरगर्मी बढ़ा दी है। संघ प्रमुख ने दोनों डिप्टी सीएम से बृहस्पतिवार सुबह करीब 10-10 मिनट के लिए मुलाकात की ।इसके पहले, मुख्यमंत्री बुधवार को रात आठ बजे संघ प्रमुख से मिले राजधानी के निराला नगर स्थित संघ कार्यालय परिसर में सरस्वती शिशु मंदिर पहुंचे। एकांत में दोनों के बीच करीब 35 मिनट तक बातचीत हुई। संघ प्रमुख दो दिवसीय प्रवास पर राजधानी लखनऊ में थे और बुधवार को उनके प्रवास का अंतिम दिन था। सीएम की भागवत से मुलाकात निहायत ही एकांत में बंद कमरे में हुई। मौजूदा समय में प्रदेश की सियासत के स्तर पर होने वाले बदलाव को देखते हुए इस मुलाकात को काफी अहम माना जा रहा है। दोनों के बीच मुलाकात को भले ही शिष्टाचार बताया जा रहा है किस लेकिन योगी की बार-बार संघ प्रमुख से होने वाली मुलाकातों को लेकर अटकलों का बाजार गरम है।

## न्यूज विंडो

### जिनकी लंगोटियां फटी, वो हमारी पगड़ी उछाल रहे: नवजोत सिद्धू

**चंडीगढ़।** पंजाब की सियासत के दिग्गज और पूर्व क्रिकेटर नवजोत सिंह सिद्धू एक बार फिर अपनी 'शायराना स्ट्राइक' को लेकर चर्चा में हैं। सिद्धू ने अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर एक फोटो शेयर करते हुए अपने विरोधियों पर कड़ा तंज कसा है। उन्होंने साफ कर दिया है कि जो लोग उनकी कमियां ढूंढ रहे हैं, उन्हें पहले अपने गिरेबान में झांकना चाहिए। उन्होंने स्टोरी पर लिखा है कि वो एक समंदर खंगालने में लगे हुए हैं, हमारी कमियां निकालने में लगे हुए हैं.... जिनकी अपनी लंगोटियां तक फटी हुई हैं, वो हमारी पगड़ी उछालने में लगे हुए हैं, ओ जाओ यार.... ।सिद्धू की इस शायरी के गहरे राजनीतिक और व्यक्तिगत मायने हैं। उन्होंने अपनी शायरी के जरिए उन लोगों पर निशाना साधा है जो बीते समय या वर्तमान में उनके कामों या उनमें कमियां तलाश रहे हैं। लंगोट्टियां फटे होना एक ठेठ मुहावरा है जिसका मतलब है कि सामने वाले की अपनी हालत खराब है, उसका खुद का दामन साफ नहीं है। लेकिन बावजूद इसके वह दूसरों की छवि को ठेस पहुंचाकर नैतिकता का पाठ सिखा रहे हैं।बता दें कि सिद्धू का यह बयान ऐसे समय में आया है जब वे अपनी ही पार्टी के कुछ नेताओं और विपक्षी दलों के निशाने पर रहे हैं। कुछ दिन पहले सिद्धू की पत्नी नवजोत कौर सिद्धू को कांग्रेस ने पार्टी से निकाल दिया है।



### तेज रफ्तार कार का कहर, लोगों को कुचला, एक की मौत और दो घायल

**मोगा।** मोगा के गांव धलेके में गत रात्रि एक तेज रफ्तार स्कॉर्पियो गाड़ी बेकाबू होकर करियाना की दुकान में जा घुसी। टक्कर इतनी जबरदस्त थी की दुकान के बाहर खड़े तीन लोग घायल हो गए। इस दौरान एक युवक की मौका पर मौत हो गई।जानकारी के अनुसार गांव धलेके में बुधवार देर रात्रि एक तेज रफ्तार थार गाड़ी बेकाबू होकर करने की दुकान में घुस गई इसी दौरान दुकान के बाहर खड़े तीन लोग गाड़ी की चपेट में आ गए। हादसा इतना भयंकर था कि दो युवकों के घायल होने समेत 24 वर्षीय सुखबीर सिंह निवासी ढलने के की मौका पर मौत हो गई। सूचना मिलते ही पुलिस प्रशासन ने मौका पर पहुंचकर जांच पड़ताल शुरू करने के साथ ही शव को पोस्टमार्टम के लिए कब्जे में ले लिया है।मौके से मिली जानकारी के अनुसार, गांव धलेके स्थित वाल्मीकि मंदिर के पास राजू कहना स्टोर के बाहर हरबंस सिंह सुखबीर सिंह खड़े हुए थे कि इसी दौरान स्कॉर्पियो ने जबरदस्त टक्कर मार दी जिसके कारण राजू किराना स्टोर के मालिक राजकुमार समेत सुखबीर सिंह तथा हरबंस सिंह भी घायल हो गए सुखबीर सिंह की इलाज से पहले मौत हो गई जबकि हरबंस सिंह और राजकुमार को पास के अस्पताल में दाखिल करवाया गया है



**डिप्टी सीएम ब्रजेश पाठक ने 100 बटुकों को किया सम्मानित**

## चोटी खींचने वालों को लगेगा पाप

**लखनऊ, एजेंसी**

लखनऊ में आज डिप्टी सीएम ब्रजेश पाठक ने अपने आवास पर 100 बटुकों का सम्मान किया। बटुकों पर पुष्पवर्षा की। तिलक लगातर उन्हें सम्मानित किया। इस मौके पर उन्होंने कहा कि चोटी खींचने वालों को पाप लगेगा। शंकराचार्य विवाद के बीच ब्रजेश पाठक का यह सम्मान डैमेज कंट्रोल से जोड़कर देखा जा रहा है।

बताते चलें कि प्रयागराज के माघ मेले से शुरू हुआ शंकराचार्य अविमुक्तेश्वरानंद का विवाद अभी तक थमने का नाम नहीं ले रहा है। सीएम योगी आदित्यनाथ भी इस मामले में कई बार बोल चुके हैं। सीएम ने बिना नाम लिए संकेतों में कालनेमि तक की बात कह दी थी। बजट सत्र के दौरान उन्होंने एक और प्रमुख बात बोली, जिसको लेकर बहस छिड़ी हुई है। कहा कि कोई भी खुद को शंकराचार्य नहीं लिख सकता।



सीएम योगी के इस बयान को लेकर विपक्ष विशेषकर सपा सरकार को घेर रही है। अखिलेश यादव ने कहा कि दूसरों से सर्टिफिकेट मांगने वालों से यदि सर्टिफिकेट मांग लिया जाए तो वह कौन सा सर्टिफिकेट देंगे? शकंराचार्य को लेकर प्रदेश की राजनीति में गहमागहमी चल रही है। इसी बीच ब्रजेश पाठक ने बटुकों को सम्मानित किया। राजनीतिक पंडित इसे डैमेज कंट्रोल से जोड़कर देख रहे हैं।

### घूसखोर पंडित: डायरेक्टर ने सुप्रीम कोर्ट में किया कंफर्म, बदलेंगे टाइटल

**नई दिल्ली।** 'घूसखोर पंडित' के नाम को लेकर झिड़े बवाल के बाद फिल्ममेकर नीरज पांडे और मनोज बाजपेयी ने पहले ही माफी मांग ली थी। उन्होंने अपने सोशल मीडिया पोस्ट में ऐलान कर दिया था कि फिल्म का नाम बदल देंगे, लेकिन मामला कानूनी रूप ले चुका था तो कोर्ट में दायर याचिका पर सुनवाई हुई और कोर्ट ने जल्द से जल्द नाम बदलने का निर्देश दिया था और फटकार लगाई थी कि इस तरह के नाम का प्रयोग लाइमलाइट और विवादों में आने के लिए न करें। अब इसी कड़ी में घूसखोर पंडित के प्रोड्यूसर नीरज पांडे ने आज सुप्रीम कोर्ट में एक एफिडेविट फाइल किया। उन्होंने यह भी कहा कि हालांकि फिल्म का नया टाइटल अभी फाइनल नहीं हुआ है, लेकिन यह पहले वाले टाइटल जैसा नहीं होगा।

**यूपी में बड़ा सड़क हादसा**

## नहर में गिरी कार, महिला समेत तीन की डूबने से मौत



**औरैया, एजेंसी**

यूपी के औरैया जिले के अछल्दा थाना इलाके के तुरुकपुर गांव के नजदीक निकली निचली गंग नहर में एक कार गिर गई। इस भीषण दुर्घटना में एक महिला और दो पुरुषों सहित कुल तीन लोगों की डूबने से मौत हो गई। यह घटना रात के समय बुंदेलखंड एक्सप्रेस वे के नीचे से निकली नहर में हुई, जब कार इटावा की तरफ जा रही थी।सुबह के समय ग्रामीणों ने नहर में एक कार पड़ी देखी। उन्होंने तत्काल इसकी सूचना स्थानीय पुलिस को दी। सूचना मिलते ही थाना प्रभारी पंकज मिश्रा अपनी टीम के साथ मौके पर पहुंचे। पुलिस ने कड़ी मशक्कत के बाद कार को नहर से बाहर निकलवाया। कार के अंदर से तीन लोगों के शव बरामद हुए। इस दुर्घटना की जानकारी मिलने पर सिंचाई विभाग ने एहतियातन नहर का पानी बंद करवा दिया है। मृतकों की पहचान राजीव कुमार गुप्ता, पत्नी मधू गुप्ता , शुभम गुप्ता के रूप में हुई है।

### केमिकल टैंकर से ट्रेलर की भिड़ंत, रिसाव से दहशत

**कोटपूतली-बहरोड।** कोटपूतली-बहरोड़ राष्ट्रीय राजमार्ग 48 पर भाबरु के पिपली तिराया के पास रात्रि करीब 11 बजे हुए भीषण सड़क हादसे ने हाईवे पर अफरा-तफरी मचा दी। दिल्ली से जयपुर की ओर जा रहा एक ट्रेलर अचानक अनियंत्रित होकर डिवाइडर कूद गया और जयपुर से दिल्ली की दिशा में आ रहे केमिकल से भरे टैंकर से जा टकराया। टक्कर इतनी जोरदार थी कि दोनों वाहन बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गए और टैंकर में भरे हाइड्रोजन पेरोक्साइड का रिसाव शुरू हो गया ।प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार ट्रेलर पिपली तिराया के पास संतुलन खो बैठा और सीधे दूसरी लेन में घुस गया, जहां सामने से आ रहे टैंकर से उसकी आमने-सामने भिड़ंत हो गई। टक्कर के बाद मौके पर चीख-पुकार मच गई और हाईवे पर वाहनों की लंबी कतारें लग गईं।

## इसी हफ्ते ईरान पर हमला कर सकता है अमेरिका!

**वाशिंगटन, एजेंसी**

**» रिपोर्ट में दावा- कई हफ्तों तक चलेगा ऑपरेशन**



अमेरिका और ईरान के बीच एकबार फिर तनाव की लपटें उठीं हैं। इस बीच दावा किया जा रहा है कि अमेरिका ईरान पर हमला कर सकता है। हालांकि व्हाइट हाउस और पेंटागन की ओर से इस बाबत कोई बयान नहीं जारी किया गया है।

CNN और CBS की रिपोर्ट के मुताबिक, स्मिलिट्री इस वीकेंड तक ईरान पर हमला करने के लिए तैयार है। हालांकि प्रेसिडेंट डोनल्ड ट्रंप ने अभी तक इस बारे में कोई आखिरी फैसला नहीं लिया है कि वह खामेनई प्रशासन के खिलाफ हमले करेंगे या नहीं।रिपोर्ट में यह भी दावा किया गया है कि अमेरिकी सेना इस हमले के लिए पूरी तरह से तैयार है। यूएस आर्मी जंगी जहाज, फाइटर जेट और रिफ्यूलिंग एयरक्राफ्ट को तैनात कर चुकी है। एक रिपोर्ट के मुताबिक, व्हाइट हाउस को बताया गया है कि मिलिट्री वीकेंड तक हमले के लिए तैयार है, लेकिन ट्रंप को अभी भी यकीन नहीं है कि यह सबसे अच्छा तरीका है। रिपोर्ट में सोर्स के हवाले से बताया गया है कि अमेरिकन कमांडर-इन-चीफ ने अकेले में मिलिट्री एक्शन के पक्ष और विपक्ष में बहस की है और सबसे अच्छे एक्शन के बारे में सलाहकारों और साथियों से राय ली है। ट्रंप ने तेहरान को बार-बार धमकी दी है कि अगर चल रही बातचीत में उस न्यूक्लियर डील की जगह कोई और डील नहीं बनती जिसे अमेरिकी प्रेसिडेंट ने 2018 में अपने पहले कार्यकाल के दौरान तोड़ दिया था, तो वे आगे मिलिट्री एक्शन लेंगे।

**मेट्रो एंकर** | **तालिबान ने घरेलू हिंसा को वैध बताने वाला कानून किया पेश**

## महिलाओं की पिटाई घरेलू हिंसा नहीं, बस हड्डी नहीं टूटनी चाहिए

**काबुल, एजेंसी**

पत्नियों और महिलाओं की पिटाई घरेलू हिंसा नहीं है, बशर्ते इतना ही मारा-पीटा जाए कि उनकी हड्डियां नहीं टूटें...यह सुनकर आपको अजीब लग रहा होगा। मगर यह फरमान तालिबान ने जारी किया है। तालिबान ने महिलाओं के खिलाफ घरेलू हिंसा को वैध बताने वाला कानून पेश किया है। इसमें कहा गया है कि घरेलू हिंसा तब तक वैध हो, जब तक कि हड्डियां न टूटी हों। तालिबान ने एक नई दंड संहिता पेश किया है, जिसमें महिलाओं के खिलाफ घरेलू हिंसा को 'वैध' ठहराया है।



तालिबानियों के इस नये कानून में पतियों को अपनी पत्नियों और बच्चों को शारीरिक रूप से दंडित करने की अनुमति दी गई है, बशर्ते इससे उनकी हड्डियां नहीं टूटनी चाहिए और न ही खुली चोटें आएं। इस्लामी समूह के सर्वोच्च नेता हिबतुल्लाह अखुंदजादा द्वारा हस्ताक्षरित यह दंड संहिता एक अलग तरह की जाति व्यवस्था बनाती है, जिसमें अपराधी के 'स्वतंत्र' या 'गुलाम' होने के आधार पर दंड के अलग-अलग स्तर तय किए गए हैं। नई दंड संहिता के तहत, अगर पति 'अश्लील बल प्रयोग' में दिखाई देने वाली फ्रैक्चर या चोटें पहुंचाता है, तो उसे केवल 15 दिनों की जेल हो सकती है। इसके अलावा, पुरुष को दोषी ठहराने के लिए महिला को अदालत में दुर्व्यवहार साबित करना होगा।

### महिलाओं को जज के सामने दिखानी होगी अपनी चोट

महिलाओं को जज के सामने अपनी चोटें खोलकर दिखानी होंगी। उसके साथ उसका पति या कोई पुरुष साथी भी अदालत में मौजूद होना अनिवार्य है। तालिबान के इस कानून ने खलबली मचा दी है। तालिबान ने अनुच्छेद 9 के तहत यह फैसला सुनाया है। अनुच्छेद 9 अफगान समाज को चार श्रेणियों में विभाजित करता है। इसमें धार्मिक विद्वान (उलेमा), कुलीन वर्ग (अशरफ), मध्यम वर्ग और निम्न वर्ग शामिल हैं। इस व्यवस्था के तहत, एक ही अपराध के लिए दंड मुख्य रूप से अपराध की प्रकृति या गंभीरता से नहीं, बल्कि आरोपी की सामाजिक स्थिति से तय होता है। संहिता के अनुसार, अगर कोई इस्लामी धार्मिक विद्वान अपराध करता है, तो केवल सलाह दी जाती है। कुलीन वर्ग के अपराधी को अदालत में तलब करके सलाह दी जाती है। मध्यम वर्ग के लिए जेल होती है, जबकि 'निम्न वर्ग' के व्यक्तियों के लिए जेल के साथ शारीरिक दंड भी दिया जा सकता है।

**पति को बताए बिना रिश्तेदारों से मिलने गई महिला को होगी जेल:** तालिबान की नई 90 पेज की दंड संहिता ने 2009 की महिलाओं के खिलाफ हिंसा उन्मूलन कानून को समाप्त कर दिया है, तालिबान ने नया फैसला जारी किया है अगर कोई विवाहित महिला अपने पति की अनुमति के बिना रिश्तेदारों से मिलने जाती है, तो उसे तीन महीने तक की जेल हो सकती है।

स्वामी,मुद्रक,प्रकाशक **राजेश सिरोठिया** द्वारा पी जी इंफ्रास्ट्रक्चर एंड सर्विसेज प्राइवेट लिमिटेड,करोंद-भानपुर बाइपास विलेज रासलाखेड़ी भोपाल से मुद्रित तथा ए-182 मनीषा मार्केट शाहपुरा भोपाल से प्रकाशित। **संपादक राजेश सिरोठिया**
**स्थानीय संपादक अनिल शर्मा*** आर एन आई पंजीयन क्रमांक एमपी एचआईएन/2016/68849 ( *पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार) **फोन :** 0755-7963564